दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 103 | जयपुर, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार का असर: इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में शीर्ष अदालत की फटकार पर SBI ने की आदेश की अनुपालना

# चुनाव आयोग को सौंपा इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा रिकॉर्ड

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आदेश के बावजूद इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा रिकॉर्ड चुनाव आयोग को नहीं सौंपने पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार खाने के बाद आखिरकार भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड्स की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी है। इस डेटा में यूनिक नंबर्स भी हैं, जिससे यह पता लगाने में आसानी होगी कि आखिर किसने किस राजनैतिक दल को चुनावी चंदा दिया है।



### पेश किया अनुपालना का हलफनामा

एसबीआई ने अनुपालन हलफनामा भी दायर किया है। हलफनामे के एक पॉइंट में लिखा है कि एसबीआई ने सम्मानपूर्वक सभी डिटेल्स का खुलासा कर दिया है और अब (अकाउंट नंबर्स और केवाईसी डिटेल्स) को छोड़कर कोई और जानकारी नहीं रोकी गई है। माना जा रहा है कि कुछ देर के बाद अब यूनिक नंबर्स के साथ इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित कर दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक को इलेक्टोरल बॉन्ड से संबंधित सभी डिटेल्स का खुलासा करने का निर्देश दिया था, जिसमें बॉन्ड खरीदने की तारीख, खरीदार और प्राप्तकर्ता, मूल्यवर्ग और राजनीतिक दान करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अल्फान्यूमेरिक सीरियल कोड भी मांगे थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा को गुरुवार शाम 5 बजे तक एक हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया, जिसमें कहा जाए कि सभी जानकारियों का खुलासा किया गया है और कोई भी जानकारी छिपाई नहीं गई है।

### इलेक्टोरल बॉन्ड को करार दिया था असंवैधानिक

अदालत ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा था, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को सभी उपलब्ध जानकारी प्रस्तुत करना जरूरी है, जिसमें खरीदे गए बॉन्ड की अल्फान्यूमेरिक संख्या और सीरियल नंबर, यदि कोई हो, शामिल है। बता दें कि अल्फान्यूमेरिक कोड से ही बॉन्ड के खरीदार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच संबंध का पता चल सकेगा।

## जरूरी खबर

### गुंजल सहित कई भाजपाइयों ने थामा कांग्रेस का हाथ



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। हाड़ौती के दो बार के विधायक व भाजपा नेता प्रहलाद गुंजल ने भाजपा का साथ छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, एआईसीसी के सचिव धीरज गुर्जर ने गुंजल को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे पहले कोटा से अपने समर्थकों को लेकर गुंजल वाहनों के काफिले के साथ जयपुर पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर कांग्रेस से हाथ मिलाया।

पेज 2 भी देखें

### जयपुर शहर से सुनील शर्मा कांग्रेस उम्मीदवार



**जयपुर।** लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 57 नामों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें राजस्थान की छह सीटें शामिल हैं। राजस्थान के लिए यह कांग्रेस की दूसरी सूची है, जिन छह सीटों का ऐलान किया गया है, उनमें जयपुर शहर से सुनील शर्मा, पाली से संगीता बेनीवाल, बाड़मेर-जैसलमेर से उम्मेदाराम, झालावाड़-बारां से उर्मिला जैन भाया का नाम है। वहीं, सीकर लोकसभा सीट सीपीएम के लिए छोड़ी गई है। कांग्रेस के जयपुर शहर के प्रत्याशी बनाए गए सुनील शर्मा को सचिन पायलट खेमे से टिकट मिला है। मूल रूप से जयपुर के ही रहने सुनील ज्ञान विहार विश्वविद्याल के संचालक भी हैं। सुनील पहली बार चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार इस सीट पर कांग्रेस ने ज्योति खंडेलवाल को टिकट दिया था, जो अब बीजेपी में शामिल हो चुकी हैं।

## ये भी देखें...

भाजपा ने घोषित किए चुनाव प्रभारी पेज-2

धूलंडी पर 12 से शाम 6 बजे तक होगी जलापूर्ति पेज-3

## विश्वकर्मा इलाके में गैस सिलेंडर की आग ने 10 मिनट में लील ली पांच जिंदगी

# आग से परिवार खाक, तीन मासूमों सहित 5 जिंदा जले

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के विश्वकर्मा थाना इलाके में एक परिवार आग की चपेट में आने से काल का ग्रास बन गया। गुरुवार सुबह एक मकान में आग लगने से भीषण हादसा हो गया, जिसमें एक ही परिवार के 5 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मरने वालों में तीन मासूम भाई-बहन भी शामिल थे।

हादसे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की। वहीं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए संवेदना व्यक्त की है।

चौमूं एसीपी अशोक चौहान ने इस मामले में बताया कि मोतिहारी, बिहार निवासी राजेश यादव (26) पिछले 7 महीने से जैसल्या गांव में पत्नी रूबी (27), बेटी ईशु (7), खुशमानी (4) और बेटा दिलखुश (2) के साथ रहता था। वह विश्वकर्मा एरिया में लोहा फैक्ट्री में काम करता था। परिवार पिछले एक महीने से अपने गांव गया हुआ था और वह बुधवार को ही जयपुर लौटा था। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे आग की सूचना पर पुलिस और दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, तब तक परिवार के सभी आग कह चपेट में आ चुके थे।

### आग लगी तो मुखिया पहले बाहर निकला... बच्चों की चीख सुन दोबारा आग में जा घुसा, न खुद बचा ना ही परिवार को बचा पाया



### गैस के प्रेशर से लहराते पाइप से फैली आग

पड़ोसी राजेश प्रसाद ने बताया कि आग लगने पर राजेश चिल्लाते हुए बाहर भागा और मदद के लिए आवाज लगाने लगा। लोगों ने देखा कि गैस के प्रेशर से पाइप लहरा रहा था। कमरे में चारों तरफ घूम रहे पाइप से निकल रही गैस आग पकड़ती रही और देखते ही देखते कमरे में रखे कपड़ों और दूसरे सामान ने भी आग पकड़ ली। कमरे में आग में घिरे राजेश की पत्नी व बच्चे चीखने लगे तो राजेश से रहा नहीं गया और वह दोबारा कमरे में आग की लपटों में कूद गया। राजेश ने परिवार को बचाने के लिए गैस के पाइप को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन पकड़ नहीं पाया। इस दौरान वह खुद भी आग से झुलस गया। राजेश अपनी पत्नी और बच्चों को बचाने के लिए गया था, लेकिन खुद भी नहीं बच पाया।

### सिलेंडर खत्म हुआ तो बाहर से लाया था

राजेश प्रसाद ने बताया कि राजेश के कमरे में रखा सिलेंडर रात को खत्म हो गया था। इस पर वह बाहर से खाना लाया और परिवार के साथ खाया। सुबह राजेश जल्दी उठा और कमरे से खाली सिलेंडर लेकर बाहर निकला। वह पत्नी रूबी से बोल रहा था कि थोड़ी देर में भरा सिलेंडर लेकर आता हूं, बच्चों को ध्यान रखना। फिर साइकिल पर सिलेंडर लेकर निकल गया। थोड़ी देर बाद राजेश भरा सिलेंडर लेकर आया और कमरे के गेट के पास रखा गैस चूल्हा जलाया। इस दौरान अचानक गैस चूल्हे की तरफ से पाइप बाहर निकल गया और आग लग गई। आग लगते ही राजेश चिल्लाते हुए कमरे से बाहर आ गया, लेकिन पत्नी और तीनों बच्चे अंदर फंस गए। वहीं, आग में फंसे परिवार के चिल्लाने की आवाज सुनकर मकान में मौजूद लोग बाहर निकले। गेट पर रखे गैस सिलेंडर से आग लगी देख लोगों में हड़कंप मच गया। सिलेंडर में ब्लास्ट होने के डर के कारण मकान में मौजूद करीब 40 लोग बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस भगदड़ के बीच पहली मंजिल पर रहने वाले लोग छत से पास वाले प्लॉट में कूद गए।

### मां की बाहों में थी बच्चों की लाशें

पड़ोसी अर्जुन ने बताया कि फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही हम लोगों ने आग बुझा ली थी। उधर, पुलिस ने बिजली बंद करवा दी थी। आग लगने से पूरे कमरे में धुएं का गुबार था और तेज बदबू उठ रही थी। टॉर्च की रोशनी में अंदर देखा तो परिवार के पांचों सदस्य जिंदा जल चुके थे। राजेश का शव एक कोने में पड़ा था। दूसरे कोने में तीनों बच्चों को बाहों में भरे रूबी की आधी जली लाश थी। रूबी का पीठ का हिस्सा पूरी तरह जल चुका था।

### यह लिखा सीएम ने संवेदना में

सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से 5 नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घायलों को समुचित उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## शराब घोटाले में ED का बड़ा एक्शन...

# CM केजरीवाल गिरफ्तार

## नहीं देंगे सीएम पद से इस्तीफा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को ईडी टीम ने सीएम आवास पर पूछताछ के बाद दिल्ली के कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल को इस बात का अंदेशा था, इसलिए उन्होंने गिरफ्तारी से बचने को दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जो गुरुवार को हाई कोर्ट में खारिज होते ही कुछ देर में ईडी की टीम केजरीवाल के आवास पर 10वां समन देने पहुंची है।

अधिकारियों ने केजरीवाल के घर की तलाशी भी ली। इससे पहले इस मामले में ईडी अरविंद केजरीवाल को अब तक 9 समन भेज चुका थी, लेकिन वे एक बार भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। इस बीच केजरीवाल की लीगल टीम सुप्रीम कोर्ट पहुंच रही है जहां हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी जाएगी।

### पार्टी नेता आतिशी ने कहा... केजरीवाल ही रहेंगे सीएम, हम जाएंगे सुप्रीम कोर्ट



### AAP ने कहा... वो इस्तीफा नहीं देंगे

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आतिशी ने कहा कि दो साल में एक रुपए की रिकवरी ईडी नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि सीएम अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। आतिशी ने कहा कि हमें सूचना मिली है कि ED ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन हमने हमेशा कहा है कि अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। वे दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। हम इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केस फाइल करेंगे। हमारे वकील सुप्रीम कोर्ट पहुंच रहे हैं।

### प्रियंका गांधी ने केंद्र पर साधा निशाना



दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना है। उन्होंने कहा, 'चुनाव के चलते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस तरह टार्गेट करना एकदम गलत और असंवैधानिक है। राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न प्रधानमंत्री जी को शोभा देता है, न उनकी सरकार को। अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतरकर लड़िए, उनका डटकर मुकाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए -यही लोकतंत्र होता है। मगर, इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के खिलाफ है।

### 17 सीएम, पूर्व सीएम ईडी जांच के दायरे में

ईडी की जांच के दायरे में सीएम केजरीवाल समेत देशभर के 17 मुख्यमंत्री या पूर्व मुख्यमंत्री हैं। दर्जनभर पूर्व मंत्री व उपमुख्यमंत्रियों के खिलाफ भी ईडी अलग-अलग मामलों की जांच कर रही है। इन सबके जेहन में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या लोकसभा चुनाव 2024 से पहले वे बड़ी मुसीबत में फंसने जा रहे हैं।

## चुनाव आयोग का केंद्र सरकार को निर्देश

# 'वॉट्सएप पर विकसित भारत के मैसेज भेजना तुरंत बंद कर दिए जाएं'

- यह संदेश जुड़ा हुआ है केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' से
- केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को दिए संदेश रोकने का निर्देश
- आचार संहिता लागू होने के बावजूद मैसेज भेजने की थी शिकायतें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को गुरुवार को कड़ा निर्देश जारी करते हुए कहा कि देश की एक बड़ी आबादी के वॉट्सएप पर केंद्र सरकार की तरफ से विकसित भारत का जो संदेश पहुंच रहा है, उसे भेजना तुरंत बंद किया जाए। दरअसल, लोकसभा चुनाव आसन्न हैं, आचार संहिता लग चुकी है, इस बीच यह संदेश पहुंच रहा है। यह संदेश केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' से जुड़ा हुआ है। अब चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस तरह के मैसेज वॉट्सएप पर तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने इस निर्देश का पालन करते हुए मंत्रालय से रिपोर्ट भी मांगी है। दरअसल आयोग को कई शिकायतें मिली थीं कि लोकसभा चुनाव के ऐलान और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार अभी भी ये मैसेज वॉट्सएप पर भेज रही है।



### यह दिया केंद्र ने जवाब

इसके जवाब में केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग को बताया कि ये मैसेज देश में आचार संहिता लगने के पहले भेजे गए थे। हालांकि, संभव है कि कुछ लोगों को नेटवर्क दिक्कतों की वजह से ये संदेश देरी से मिला हो। बताया जा रहा है कि चुनाव आयोग का ये फैसला समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा लिए गए फैसलों के अनुरूप है।

### आचार संहिता है लागू

बता दें कि बीते हफ्ते चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही देश में आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होगा जबकि सातवें चरण के तहत एक जून को वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती चार जून को होगी।

## जरूरी खबर

### शीतला माता के वार्षिक मेला की तैयारियां शुरू



**जयपुर।** क्षेत्र का सबसे विशाल वार्षिक मेले का आयोजन 31 मार्च एवं 01 अप्रैल को होने जा रहा है। नगरपालिका की ओर से मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शम्भू लाल मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा एवं दोनों अभियंता दल-बल के साथ व्यवस्थाएं करने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। गुरुवार को शीतला माता मंदिर परिसर के बाहरी स्थानों पर साफ-सफाई करवाने के लिए स्वयं अधिकारी मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनावों में सक्रियता बढ़ाएगा नारकोटिक्स विभाग

**जयपुर।** शिवदासपुरलोकसभा चुनावों में नशे की तस्करी को रोकने के लिए नारकोटिक्स विभाग प्रदेश में निगरानी तंत्र को मजबूत करेगां इसके लिए नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के जोधपुर और जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक के बीच गुरूवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों में नशे की खेप रोकने के लिए सक्रियता बढाने और निगरानी मजबूत करने की बात पर जोर दिया गया। साथ ही राज्य की अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क बढाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नोडल अधिकारियों को सूचना साझा करने और स्त्रातों को विकसित करने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस कमिश्नर ने शिवदासपुरा थाने में की जनसुनवाई



**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ गुरुवार को चाकसू के शिवदासपुरा पुलिस थाने पहुंचे। यहां कमिश्नर ने जनसुनवाई कार्यक्रम में शिरकत की और आमजन से रूबरू हुए। उन्होंने परिवादियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कमिश्नर जोसफ ने मौजूद पुलिस अधिकारियों को विभिन्न परिवादो का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जमीन, आपसी झगड़े, धोखाधड़ी समेत विभिन्न मामलों के परिवाद पेश आए। जिनमें लगभग 90 प्रतिशत मामले जमीन सम्बंधित सामने आए। कमिश्नर जोसफ ने परिवादियों से उनकी समस्या सुनी और मौजूद सबंधित थाना प्रभारी से मामले की प्रगति रिपोर्ट जानी।

**लोकसभा चुनाव 2024:** पार्टी ने विजया राहटकर और प्रवेश वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया

# भाजपा ने घोषित किए चुनाव प्रभारी, सहस्त्रबुद्धे को दिया जिम्मा

■ प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह को राजस्थान से किया बाहर

**बेधड़क** | जयपुर







लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का चुनाव प्रभारी बनाया है। डॉ. सहस्त्रबुद्धे महाराष्ट्र के रहने वाले हैं और वे बीजेपी की राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य हैं। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सहस्त्रबुद्धे को चुनाव प्रभारी बनाए जाने के साथ दो सह प्रभारियों की नियुक्ति भी की है। विजया राहटकर और प्रवेश वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। राहटकर संगठन की राष्ट्रीय मंत्री हैं जबकि प्रवेश वर्मा पूर्व सांसद हैं। ये तीनों नेता जल्द ही जयपुर आएंगे और प्रदेश संगठन के साथ बैठक लेकर आगे की रणनीति तय करेंगे। लंबे समय से राजस्थान के प्रदेश प्रभारी रहे राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह को पार्टी ने राजस्थान से दूर कर दिया है। उन्हें बीजेपी ने आंध्र प्रदेश में प्रदेश चुनाव प्रभारी की नई जिम्मेदारी सौंपी है। विधानसभा चुनावों के बाद से ही अरूण सिंह राजस्थान में कम सक्रिय थे। संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की राजस्थान से विदाई के बाद से ही लगातार यह कयास लगाए जा रहे थे कि अरूण सिंह को भी जल्द ही राजस्थान से हटाया जाएगा। हालांकि अभी तक राजस्थान के प्रदेश प्रभारी के पद बीजेपी ने किसी ओर की नियुक्ति नहीं की हैं।

### सतीश पूनिया को हरियाणा की जिम्मेदारी

राजस्थान बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को पार्टी ने हरियाणा में प्रदेश चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। अभी तक चर्चा थी कि पार्टी पूनिया को अजमेर लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। लेकिन पार्टी ने उन्हें नई जिम्मेदारी देकर इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। पूनिया के साथ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि सतीश पूनिया को पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी ने आमेर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन वो चुनाव हार गए थे। उसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि पूनिया को पार्टी कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं।

### विजया राहटकर हैं प्रदेश सह प्रभारी

बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री विजया राहटकर प्रदेश की सह प्रभारी के रूप में लंबे समय से कार्य कर रही हैं। अब उन्हें लोकसभा चुनाव का सह प्रभारी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे की तरह विजया राहटकर भी महाराष्ट्र की रहने वाली है और लंबे समय से केंद्रीय संगठन में सक्रिय हैं। दूसरे सह प्रभारी प्रवेश वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। एक जाट नेता के रूप में उनकी पहचान है। इस बार पार्टी ने दिल्ली पश्चिम लोकसभा सीट से प्रवेश शर्मा को टिकट नहीं दिया। उनके स्थान पर कंवलजीत शेरावत प्रत्याशी घोषित किया है।

**कोटा कलस्टर की तीन सीटों के कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने भरा जोश बड़े मार्जिन से जीत का किया दावा

**सीएम बोले-** प्रधानमंत्री को सभी 25 सीटें करेंगे समर्पित

**बेधड़क** | जयपुर



भारतीय जनता पार्टी के कोटा कलस्टर की तीनों लोकसभा सीटों यथा कोटा, झालावाड़ एवं भीलबाड़ा के सूचीबद्ध कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान से तीसरी बार सभी 25 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी बड़े मार्जिन से जीता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करेंगे । उन्होंने कहा कि मात्र 90 दिन के कार्यकाल में राजस्थान सरकार ने अपने घोषणा पत्र की 45 फीसदी से अधिक घोषणाओं को पूरा कर दिया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना और यमुना नदी समझौता से राजस्थान के बड़े क्षेत्र की जल आपूर्ति संबंधी समस्याओं का समाधान हो जाएगा, इन पर एमओयू हो चुका है। डीपीआर बनाकर के बहुत शीघ्र ही तेज गति से कार्य होगा। यह इसलिए संभव हुआ की डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री शर्मा नें कहा यह सरकार पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति प्रतिबद्ध है उनके द्वारा उठाए गए सार्वजनिक हित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। पार्टी के लिए किया गया काम कैमरे की नजर में है, कार्यकर्ता का सम्मान सर्विपरी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस पर घर-घर पहुंचना है। भाजपा के झंडे, प्रधानमंत्री मोदी के स्टीकर लेकर के प्रत्येक घर तक पहुचें। वहीं रामनवमी को धूम धाम से मनाए, जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे की धुन पर पूरा वातावरण सांस्कृतिक राष्ट्रवादमय बनाना है। कार्यक्रम को झालावाड़ सांसद दुष्यन्त सिंह, भीलबाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया, शिक्षा मंत्री मदन दिलावार, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर,प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, क्लस्टर प्रभारी नारायण पंचारिया प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी, सहित मौजूद विधायक, जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों नें संबोधित किया एवं संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच नें किया स्वागत जिला अध्यक्ष राकेश जैन नें किया।

### पूरे विश्व में अग्रणी बन रहा देश: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने कहा कि " प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में देश पूरे विश्व में अग्रणी बन रहा है और वे इसके लिए घोर परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा तीन तलाक को समाप्त कर देश में न्याय की व्यवस्था लागू की गईं। देश में कल्याणकारी कार्यों से जहां जं राहत दी जा रही है वहीं आर्थिक मोर्चे और तेजगती से विकास हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी बिरला नें कहा कि कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे, कांग्रेस में चुनाव के डर से किसी को कोरोना हो जाता है तो किसी को कुछ हो जाता, जो कांग्रेस से चुनाव लड़ने से बचने में सफल हो जाता है वह खुशी मनाता हैं। बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया कि पूरे विश्व में भारत का प्रभाव तेजी से बड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में अपने बलबूते पर 400 पार की और बड़ रही है।

### अधिकतम वोटों से जीताने में जुट जाएं: जोशी

प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने 2014 से पहले के भारत और 2014 से बाद के भारत के बारे में स्पष्ट अंतरों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के भारत में गुलामी के आईकॉनों को सम्मान पूर्वक रखा जाता था। वही 2014 के बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद गुलामी के सभी आईकॉनों को हटाकर के भारतीय स्वाभिमान और सम्मान को प्रतिष्ठित करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने केंद्र की कल्याणकारी योजना एवं उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि जो राष्ट्र को प्रथम मानकर चलती है। उस भाजपा सरकार को प्रत्येक सीट पर अधिकतम वोटों से जीतानें में जुट जाएं।

**पूर्व CM का केंद्र सरकार पर निशाना**

# 400 के पार का नारे वाली NDA लोकतंत्र को करना चाहता है खत्म



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के बैंक खातों पर आयकर विभाग की कार्रवाई को लेकर अब सियासी पारा उबाल पर है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अब इस मामले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कहा कि आजादी के बाद पहली बार राष्ट्रीय पार्टी के साथ ऐसा हो रहा है। 400 पार सीट का नारा देने वाली एनडीए सरकार लोकतंत्र को खत्म करना चाह रही है। गहलोत ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की पोस्ट में लिखा- केंद्र सरकार के आदेश पर आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। अगले महीने से देश में लोकसभा चुनाव शुरू हो रहे हैं। जिनके लिए कांग्रेस को आर्थिक संसाधनों की जरूरत होगी। परंतु बैंक खाते फ्रीज होने के कारण कोई भी लेन-देन नहीं किया जा सकता। ऐसा आजादी के बाद पहली बार राष्ट्रीय पार्टी के साथ ऐसा हो रहा है। इस पोस्ट में अशोक गहलोत ने आगे लिखा- यह दिखाता है कि 400 पार का नारा देने वाली एनडीए सरकार लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस चुनाव में नेताओं के परिवहन, रैली करने, प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च, कांग्रेस कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों को सैलरी देने समेत सभी जरूरी खर्च इन्हीं बैंक खातों से करती है।

इन बैंक खातों को फ्रीज करना कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बहुत बड़ा षड्यंत्र है। अशोक गहलोत ने अपने इस पोस्ट में रूस और कोरिया का उदाहरण देते हुए इसे देश के नागरिकों की स्वतंत्रता का हनन बताया है। उन्होंने लिखा- ऐसी आततायी हरकतें दिखाती हैं कि भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास नहीं बचा है। भाजपा यहां रूस और नॉर्थ कोरिया जैसे चुनाव करवाना चाहती है। जहां सत्ताधारी दल की इच्छा के मुताबिक परिणाम आते हैं।

**लोकतंत्र सेनानी संघ का राष्ट्रीय सम्मेलन**

# भारतीय संविधान को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों का योगदान

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपातकाल के समय लोकतंत्र के मूल्यों को कमजोर किया गया था। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष तथा प्रयासों से उन मूल्यों की रक्षा की गई।

भारतीय संविधान तथा प्रजातंत्र को मजबूत करने में लोकतंत्र सेनानियों के अहम योगदान को कोई नहीं भुला सकता। शर्मा गुरूवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विजय दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी संघ और लोकतंत्र रक्षा मंच के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए त्याग करने वालों का सम्मान करते हुए हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि-2008 बनाकर लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान से जीने की व्यवस्था की। हमारी सरकार ने अपने पहले लेखानुदान में ही लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान निधि को पुनः बहाल करने का प्रावधान किया है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद राजेन्द्र गहलोत तथा विभिन्न राज्यों से लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहे।

**निर्वाचन विभाग ने लॉन्च किया पोर्टल**

# पोस्टल बड्डी से रखी जाएगी मतपत्र पर नजर

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान निर्वाचन विभाग प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी और आसान बनाने के कड़ी में एक नवाचार किया है। इसके तहत डाक मतपत्रों (पोस्टल बैलट) के लिए एक सुविधा पोर्टल पोस्टल बड्डी तैयार किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गुरुवार को पोर्टल के शुभारम्भ के अवसर पर बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान इस पोर्टल के माध्यम से डाक मतपत्रों के लिए आवेदन से लेकर मतदान तक की पूरी प्रक्रिया की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकती है। पोर्टल के इस्तेमाल से अतिआवश्यक सेवाओं में जुटे कार्मिकों, होम वोटिंग के लिए पात्र बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में नियोजित मतदाता आदि को दी जा रही पोस्टल बैलट सुविधा अधिक आसानी से प्राप्त की जा सकेगी।

इसमें किसी भी स्तर पर, किसी भी मतदाता के पोस्टल बैलट के लिए आवेदन से लेकर मताधिकार के उपयोग तक के विभिन्न चरणों को रियलटाइम ट्रैक करने की सुविधा है। पोर्टल के जरिए इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी) भी आसानी से जारी किया जा सकेगा।

गुप्ता के अनुसार, पोस्टल बैलट की प्रक्रिया को त्रुटि-रहित और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, श्रीगंगानगर (एनआईसी) ने यह पोर्टल तैयार किया है। पोस्टल बैलट के लिए आवेदन फॉर्म प्राप्त होने के बाद उनकी जानकारी पोर्टल में दर्ज की जाती है।

**लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका**

# प्रहलाद गुंजल ने बदला पाला, बोले-बीजेपी में खुद्दार नेताओं की कद्र नहीं

### गहलोत और डोटासरा ने दिलाई सदस्यता

**बेधड़क** | जयपुर



कोटा की राजनीति के बड़े चेहरे और दो बार विधायक रहे भाजपा नेता प्रहलाद गुंजल ने अपनी पार्टी को अलविदा कहते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जयपुर में पूर्व सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुंजल के कांग्रेस परिवार में आने पर स्वागत किया। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से रूबरू होते हुए प्रहलाद गुंजल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जब वे विधायक थे तब आज के मुख्यमंत्री सरपंच के लिए संघर्ष कर रहे थे। भाजपा में खुद्दार नेताओं की अब कोई कद्र नहीं रही। सिर्फ दरी बिछाने वालों को अहमियत दी जाती है। प्रहलाद गुंजल दरी बिछाने और गुलामी की राजनीति करने वाला नहीं है। इसलिए कांग्रेस परिवार में आ गए हैं।

### धारा में तो मरी हुई मछलियां बहती है

गुंजल ने कहा कि बीजेपी के एक नेता का बयान आया था कि लोग दरवाजे तोड़कर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि धारा में हमेशा मरी हुई मछलियां बहती है। जिंदा लोग तो धारा के विपरीत चलते हैं। गुंजल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार सुरक्षा की गारंटी होती है, भय का कारण नहीं होती। जब सरकारें भय का कारण बन जाती है तो नौजवान कार्यकर्ता को हिम्मत के साथ मुकाबला करना चाहिए। वर्तमान में देश में ऐसे हालात बन गए हैं कि सरकारी ताकत के बूते आम आदमी की आवाज को दबाने और कुचलने की प्रवृत्ति अब लोकतंत्र के लिए चुनौती बन गई है।

### बीजेपी में चल रहा है प्रोपेगेंडा

प्रहलाद गुंजल ने कहा कि राजनीति में जब सिद्धांत, रीति नीति गौण हो जाती है और किसी व्यक्ति की महिमा मंडल का सिलसिला चल पड़ता है। तब पार्टी की विचारधारा और सिद्धांत खत्म हो जाते हैं। सिद्धांत और रीति नीति केवल प्रोपेगैंडा बन जाते हैं जिनके जरिए वोट मांग हासिल किए जा सके। गुंजल ने कहा कि वे लंबे समय से इस वैचारिक प्रोपेगेंडा का शिकार होते रहे। अब छुटकारा पा लिया है। गुंजल ने दावा किया कि हाड़ौती से वे अकेले कांग्रेस परिवार में नहीं आए हैं बल्कि आधे से ज्यादा भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उनके साथ खड़े हैं।

### जोर जुल्म राजनीति का चरित्र बन गया है

प्रहलाद गुंजल ने कहा कि एक बार राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जब सड़कें सूनी हो जाएगी तो संसद आवारा हो जाएगी। जोर जुल्म के खिलाफ जनता को खासतौर पर देश के नौजवानों को खड़ा होना चाहिए। गुंजल ने कहा कि आज देश उस मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है जहां जोर और जुल्म राजनीति का चरित्र बन गया है। इसलिए खरीदारी के इस दौर में खुद्दार लोग अपना अस्तित्व बचाने के लिए जब तक एकत्रित नहीं होंगे। तब तक भारत की राजनीति का चेहरा खराब होता चला जाएगा। भाजपा में तो ऐसे हालात हो गए हैं कि नेताओं के पैर छूने वालों को भी पार्टी का कार्यकर्ता माना जाता है। उन्होंने कहा कि गुंजल किसी बड़े व्यक्ति के सामने सम्मान से झुक सकता है लेकिन गुलामी करते हुए राजनीति नहीं कर सकता।

## जरूरी खबर

### होली और धुलंडी पर्व पर बंद रहेंगे स्मारक



**जयपुर।** होली और धुलंडी पर्व पर पुरातत्व और संग्रहालय विभाग ने पर्यटकों के लिए शहर के सभी स्मारक बंद रखने का निर्णय किया है। होली के मौके पर शाम साढ़े पांच बजे बाद किसी भी स्मारक पर पर्यटकों को एंट्री नहीं मिलेगी। पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेन्द्र ने आदेश जारी कर सभी स्मारकों को इसके लिए सूचित किया है। जयपुर स्थित विभागीय संरक्षित स्मारक आमेर महल, नाहरगढ़ दुर्ग, हवामहल, जंतर-मंतर और राजकीय केंद्रीय संग्रहालय (अल्बर्ट हॉल) में पर्यटक होली के दिन रविवार शाम से पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट ने सभी टूर ऑपरेटर्स और गाइड एसोसिएशन को पत्र लिखकर होली और धुलंडी पर टूरिस्ट्स के प्रवेश संबंधित जानकारी दी है। इसके तहत होली के दिन से शाम चार बजे से पर्यटकों का प्रवेश बंद हो जाएगा।

### भारतीय बॉल बैडमिंटन की प्रदेश टीम घोषित

**जयपुर।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ और गुजरात बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्रीय राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए राज्य महिला और पुरुष टीम की घोषणा की गई है। प्रतियोगिता बुधवार से अहमदाबाद में शुरू हो गई है। राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के शौकत अली मंसूरी ने बताया कि बालक वर्ग के कप्तान राकेश चौधरी कर रहे हैं, जबकि बालिका वर्ग की कप्तान चेल्सिया सेनी कर रही हैं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


'घूमो जयपुर, खेलो जयपुर': ग्रेटर महापौर ने जनता के संग खेला बैडमिंटन

# स्वस्थ रहने के लिए 20 कदम स्वच्छता के अपनाने की जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर निगम महापौर सौम्या गुर्जर के घूमो जयपुर से शहर के लोग जुड़ रहे है और सराहना कर रहे है। इसी थीम के साथ-साथ महापौर सौम्या ने गुरुवार को वार्ड 115 प्रताप नगर में आम जनता के साथ खेलो इंडिया के तहत बैडमिंटन खेल कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

पिंकसिटी की प्रथम नागरिक ने कहा कि घूमो जैपुर-खेलो जैपुर के माध्यम से हम स्वस्थ जयपुर स्वच्छ जयपुर की संकल्पना को साकार कर सकेंगे। पार्क में किए जा रहे कार्यों की सोशल मीडिया ऑडिट करने और स्वच्छ एवं साफ सुथरा वातावरण रखने के लिए एक एक पौधा लगाने की सभी से अपील की।



### कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने की अपील

उन्होंने कहा कि अपने पास के वातावरण को साफ रखने के लिए 20 कदम स्वच्छता के अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर महापौर ने उद्यान में पड़ी गंदगी को उठाकर निर्धारित कचरा पात्र में डालें, इधर-उधर फेंको मत का भी संदेश दिया हैं। महापौर ने मौके पर सभी से अपील की कि हम सभी भी अपनी जिम्मेदारी समझें और जब तक कोई निश्चित स्थान ना मिले तब तक कचरे को को ना फेंके।

### आमजन भी सफाई के प्रति रहें जागरूक

इस नवाचार के तहत महापौर शहर के विभिन्न पार्कों सहित अन्य स्थलों पर जाकर आम जन की सहभागिता से शहर को स्वस्थ, स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए घूमने के साथ साथ शहर की सफाई व्यवस्था को दुरस्त करेंगी। गुरूवार को पार्क में महापौर ने दौड़ लगाई और पार्क में मौजूद लोगों से अपील की जहां भी गंदगी मिले, उसे उठाकर कूडेदान में डाले वहीं बाजार में जाते वक्त कपडे से बने थेले का उपयोग करें जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम हो सके।

स्वायत शासन विभाग ने जारी की गाइडलाइन

# हिंसक कुत्तों को छोड़ा जाएगा शहर से दूर, पालतू के भी टीका जरूरी

■ 3 महीने में जयपुर में 2000 से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा

**बेधड़क** | जयपुर

ऐसे हिंसक और आक्रामक आवारा कुत्ते जो बच्चों और बड़ों को काटने दौड़ते हैं या हमला करते हैं उनको चिह्नित करने के बाद पकड़कर शहर के बाहर छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही पालतू कुत्तों का भी वैक्सीनेशन कराया जाएगा। इस संबंध में स्वायत शासन विभाग ने गाइडलाइन जारी की है।

गौरतलब है कि पिछले 3 महीने में जयपुर में 2000 से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक सुरेश कुमार ओला ने बताया कि कुछ महीनों से आवारा कुत्तों के हमले के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए यह गाइडलाइन जारी की है। बता दें कि प्रदेशभर में लगभग 10 लाख से ज्यादा कुत्ते हैं। अकेले जयपुर में 80 हजार से ज्यादा कुत्ते हैं।





### गाइडलाइन में यह जारी किए निर्देश

राजस्थान के सभी निकायों में स्थित महाविद्यालयों (कॉलेज), विद्यालयों (स्कूल), अभिभावकों, नागरिकों की शिकायत पर हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति के कुत्तों को शहर से दूर ले जाकर छोड़ा जाए। ऐसे कुत्तों को चिह्नित कर वैक्सीनेशन किया जाए। सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों के लेबर रूम, गायनिक रूम, ऑपरेशन थिएटर, शिशु वार्ड के आस-पास रहने वाले कुत्तों को चिकित्सा विभाग की शिकायत पर तत्काल पकड़कर शहरों से दूर छोड़ा जाए। प्रदेशभर में पालतू कुत्तों को चिह्नित कर उनके मालिकों को वैक्सीनेशन के लिए पाबंद किया जाए।

### एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम को दें बढ़ावा

आवारा कुत्तों के संबंध में गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जाए। आवारा कुत्तों को पकड़कर किसी एक स्थान पर रखे जाने के संबंध में गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। पशु चिकित्सक नगर निगम हरेंद्र सिंह ने बताया कि एबीसी नियम 2001 के तहत अभी तक कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जाता था। उन्हें शहर से बाहर छोड़ने का प्रावधान नहीं था।

### 5 साल में 40000 कुत्तों का वैक्सीनेशन

जयपुर नगर निगम द्वारा पिछले 5 साल में लगभग 40000 कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है, जिन्हें बाद में फिर से उसी स्थान पर छोड़ा गया है। जहां से उन्हें उठाया गया था। इस वैक्सीनेशन का टाइम तीन साल का होता है। सूत्रों के अनुसार अभी 80 हजार ऐसे कुत्ते हैं जिनका वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

निगम टीम पर हमले का मामला

# सिविल लाइंस विधायक और आदर्शनगर MLA आमने-सामने





**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम की ओर से आदर्श नगर जोन के भौमियां में बुधवार को की गई कार्रवाई के दौरान निगम टीम पर हुए हमले को लेकर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और आदर्शनगर विधायक रफीक खान आमने-सामने हो गए हैं। इस हमले के लिए जहां शर्मा ने आदर्श नगर विधायक को जिम्मेदार ठहराया, वहीं रफीक खान ने इस आरोप को गलत बताते हुए कहा कि शर्मा अपने क्षेत्र का ध्यान रखे। दरअसल बुधवार को हरिटेज निगम की आदर्श नगर जोन के भौमियां में बकाया वसूल करने गई नगर टीम पर हमला किया गया था। निगम टीम पर हुए हमले पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि ये सब विधायक रफीक खान के कहने से हुआ है। छह मार्च को हुई निगम की साधारण सभा में भी खान ने निगम के कर्मचारियों को धमकाया था। उन्होंने सार्वजनिक रूप से अंगुली दिखाकर धमकी दी थी। शर्मा ने प्रशासन से मामले पर संजीदगी से कार्रवाई की मांग की है।

### मारपीट गलत, निगमकर्मी भी नियमानुसार करें कार्रवाई

विधायक रफीक खान ने कहा कि कर्मचारियों के साथ मारपीट गलत है, जिसने भी राजकार्य में बाधा उत्पन्न की उसपर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन नगर निगम कर्मचारियों को भी नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। जो कार्रवाई की गई, वे नियमानुसार गलत हुई है। विधायक शर्मा अपने क्षेत्र की जनता का ध्यान रखें, उनका आरोप बेबुनियाद है।

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई

## चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने गुरुवार को निजी खातेदारी करीब 13 बीघा कृषि भूमि पर चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-14 के ग्राम बक्शावाला में दो बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति निर्माणाधीन चार डुप्लेक्स व अन्य अवैध निर्माण को प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। बीलवा में राधा स्वामी सत्संग व्यास के पीछे करीब तीन बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर भी हो रहे अवैध



निर्माण को ध्वस्त किया। साथ ही मकसूदनपुरा बाड़ापदमपुरा में करीब छह बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया। जोन-14 में शिवदासपुरा बाड़ापदमपुरा में करीब दो बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर ग्रेबल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना मिली थी। उसे भी गुरुवार को जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया।

होली दिवाना ग्रुप जगह-जगह चंग कार्यक्रमों में दे रहा प्रस्तुति

## युवाओं के होली गीतों में छाये पीएम मोदी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर। 'दुनिया से मोदी बोल्यो, थे म्हारे माथे होल्यो... मोदी जी थारे काम को जवाब नहीं।' ये बोल हैं होली दिवाना ग्रुप सूरत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर बनाया हुआ गाना है, जो मेंबर्स चंग के कार्यक्रम के तहत विभिन्न जगहों पर सुना रहे हैं। इस गाने में लोगों को मोदी जी के काम गिनवा कर लोकसभा चुनाव में मोदी जी को 400 से ज्यादा सीटें देने की अपील की है। साथ ही बताया कि हम सब



युवा मोदी जी के कामों से बहुत प्रभावित हैं। ग्रुप के अतुल मोहता ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सारोली पर्वत पाटिया, वेसू सहित शहर की अलग अलग जगह, अलग-अलग सोसाइटियों में ग्रुप द्वारा चंग के कार्यक्रम में सुना रहे हैं। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि इस ग्रुप में 80 से अधिक यूवा साथी हैं, जिनका एक ही ड्रेस कोड रहता है। उन्होंने बताया कि इस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी होली कि संस्कृति को जिंदा रखना और और युवा पीढ़ी को होली, चंग, ढोल, नगाड़े से जोड़ने का प्रयत्न है। ग्रुप के लगभग सभी सदस्य टेक्सटाईल मार्केट से जुड़े हुए युवा व्यापारी हैं।

त्योहार पर जिला प्रशासन ने सौंपी विभागों को जिम्मेदारी

# धूलंडी पर दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक होगी अतिरिक्त जलापूर्ति

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी 24 मार्च को होली और 25 मार्च को धुलंडी पर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इन पर्वों पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के साथ-साथ जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन के संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जयपुर जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण को सांप्रदायिक सौहार्द, कानून व्यवस्था,



यातायात सहित सभी माकूल व्यवस्था करने के अलावा अतिसंवेदनशील इलाकों में सतत निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अधीक्षण अभियंता को निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी के अधीक्षण अभियंता को 25 मार्च को दोपहर 12 से सांय 6 बजे तक पानी की अतिरिक्त आपूर्ति करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### मिलावटी खाद्य पदार्थों की होगी औचक जांच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को थाना रामगंज, माणक चौक ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर, कोतवाली, मालवीय नगर, लालकोठी, आदर्श नगर, मानसरोवर, सांगानेर, वैशाली नगर एवं पुलिस कंट्रोल रूम जयपुर पर एंबुलेंस वाहन मय चिकित्साधिकारी, नर्सिंग स्टाफ एवं जरूरी दवाएं तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। होली के पर्व पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री की संभावना को देखते हुए खाद्य निरीक्षकों को जयपुर जिले की मिठाइयों, दूध, मावा, पनीर की दुकानों का औचक निरीक्षण कर जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### सफाई के साथ सुरक्षा की भी जिम्मेदारी

जयपुर नगर निगम ग्रेटर एवं हेरिटेज को होली और धुलंडी के बाद अतिरिक्त स्टाफ तैनात कर सफाई के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन वाहन मय उपकरण और स्टाफ तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही उपायुक्त नगर निगम ग्रेटर एवं हेरिटेज को 24 मार्च एवं 25 मार्च को थाना रामगंज, माणक चौक ब्रह्मपुरी, शास्त्रीनगर, कोतवाली, मालवीय नगर, लालकोठी, आदर्श नगर, मानसरोवर, सांगानेर, वैशाली नगर एवं पुलिस कंट्रोल रूम यादगार जयपुर पर अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ तैनात करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## जरूरी खबर

### पेशी के दौरान पुलिस को धक्का देकर भागा आरोपी



**बूंदी।** एसीजेएम कोर्ट में पेश करते समय गुरूवार को एक इनामी आरोपी पुलिस को धक्का देकर मौके से फरार हो गया। अचानक हुई घटना से न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। इसके बाद जिला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को प्राइवेट बस से पकड़ लिया। गिरफ्तार इनामी आरोपी अरविंद सोनी की पीसी रिमांड पूरी हो गई थी। इसके बाद आईओ की ओर से उसे एसीजीएम कोर्ट में पेश करने के लिए ले जा रहे थे। इस दौरान आरोपी जवानों को धक्का देकर भाग गया।

### FST के 6 और एसएसटी के 14 अधिकारी निलंबित

**बीकानेर।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत सौंपे गए कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) के 6 और स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के 14 अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव कार्यों के लिए नियुक्त किए गए कार्मिकों के चुनाव ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने, निर्वाचन संबंधी दायित्वों में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। सभी कार्मिक और अधिकारी चुनाव दायित्वों को पूरी गंभीरता से संपादित करें।

### 60 लाख का केमिकल पकड़ा, आरोपी गिरफ्तार



**बालोतरा।** जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ढाबे से अवैध ज्वलनशील केमिकल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1519 किलोग्राम अवैध केमिकल बरामद किया है, जिसकी कीमत करीबं 60 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि सरहद भूका भगतसिंह में 1519 किलोग्राम चोरी का अवैध ज्वलनशील पदार्थ केमिकल बरामद किया। साथ ही जुझारसिंह पुत्र पहाड़सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी रणकदेव, धारवीकलां पुलिस थाना शिव जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है।

## ढाका भवन में 36वें जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन, जिलेभर से स्टूडेंट्स और पदाधिकारी जुटे

# इंडिया एलायंस के साथ है देश का एसएफआई संगठन: जाखड़

**बेधड़क** | सीकर



स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया SFI के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष जाखड़ ने कहा कि राजस्थान और पूरे देश का एसएफआई संगठन इंडिया एलायंस के साथ है। लोकसभा चुनाव में सीकर लोकसभा सीट की स्थिति जो भी रहेगी एसएफआई इंडिया एलायंस के साथ रहेगा। हालांकि, सीट पर माकपा की क्या भूमिका रहती है यह संगठन तय करेगा। सीकर के किशन सिंह ढाका भवन में मीडिया से बात करते हुए जाखड़ ने कहा कि एसएफआई की ओर से ढाका भवन में 36वें जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से SFI संगठन से जुड़े स्टूडेंट्स और पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन का उद्घाटन माकपा के पूर्व विधायक कामरेड अमराराम ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। जिला सम्मेलन में छात्र हितों, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना, नई शिक्षा नीति सहित युवाओं के कई मुद्दों पर कार्यकर्ताओं ने विस्तृत चर्चा की। संगठन के पदाधिकारी ने आगामी दिनों में छात्रों और युवाओं के मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। सम्मेलन में छात्र संगठन एसएफआई के पिछले करीब एक वर्ष चार माह में किए गए कार्यों की संस्थानात्मक रिपोर्ट पेश की गई। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारी की घोषणा की गई।

### नई शिक्षा नीति पर वार

सुभाष जाखड़ ने कहा कि मोदी सरकार नई शिक्षा नीति 2020 लाई है, जिससे शिक्षा का निजीकरण तेजी के साथ बढ़ेगा। नई शिक्षा नीति से गरीब, मजदूर और किसान का बच्चा शिक्षा से वंचित होगा। नई शिक्षा नीति को हम पूरी तरह नकारते हैं। नई शिक्षा नीति सार्वजनिक शिक्षा को चौपट करना चाहती है जो हम कभी भी होने नहीं देंगे। शिक्षा नीति के विरोध में आगामी दिनों में देश भर में एसएफआई संगठन द्वारा विरोध-प्रदर्शन किए जाएंगे।

### मोदी सरकार गरीब बच्चों की विरोधी

SFI के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष जाखड़ ने कहा कि मोदी सरकार हमेशा गरीब बच्चों के विरोध में रही है। मोदी ने नई शिक्षा नीति लाकर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने की कोशिश की है। मोदी सरकार अग्निवीर योजना लाई जो देश के युवाओं का भविष्य खराब कर रही है। सरकार से मांग है कि जिस तरह पहले आर्मी की भर्ती होती थी उसी तरीके से भर्ती को फिर से शुरू किया जाए। जाखड़ ने कहा कि पिछले 3 साल से प्रदेश के लाखों स्टूडेंट्स को छात्रवृत्ति भी नहीं मिली। देश मे हर रोज स्टूडेंट्स में साथ अन्याय हो रहा है। मोदी सरकार ने स्कूलों, कॉलेजों को धार्मिक स्थल बना दिए हैं।

### कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया

छात्र संगठन एसएफआई के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष जाखड़ ने बताया कि आज सीकर जिले का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पिछले करीब 1 वर्ष की संगठन की ओर से की गई गतिविधियों और कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया गया। आगामी एक वर्ष में संगठन की ओर से छात्र हितों व युवाओं को लेकर किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा हुई।

## खाटू श्याम जी के ग्यारह दिवसीय वार्षिक महोत्सव का समापन

# मेले में 38 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा श्याम के दर्शन

### मंदिर के गुम्बद पर चढ़ाया गया सूरजगढ़ का निशान





**बेधड़क** | रींगस

आस्था, भक्ति, सेवा, उत्साह, उल्लास, मस्ती, आनन्द की अपार अनुभूति के साथ आयोजित विश्व विख्यात खाटूधाम के बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेले का औपचारिक समापन द्वादशी गुरूवार को हुआ। इस ग्यारह दिवसीय वार्षिक महोत्सव में करीब 38 लाख श्याम श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। हालांकि प्रशासनिक रूप से मेले का समापन हो गया लेकिन भक्तों का तांता लगातार बना हुआ है जो होली तक चलेगा। गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध खाटूश्यामजी खाटू श्याम मंदिर के गुम्बद पर सूरजगढ़ का निशान चढ़ाया गया।

निशान को 35 साल से सूरजगढ़ के कलाकार हेतराम राजोरिया ही तैयार कर रहे हैं। निशान पर बाबा श्याम की पेंटिंग भी होती है, जिसे बनाने में 2 दिन का समय लगता है। द्वादशी को थानाधिकारी राजाराम ने मय जाब्ता सुरक्षा के साथ निशान को शिखर बंध पर चढ़वाया। यह निशान वर्ष भर बाबा श्याम के शिखर बंध पर लहराता है। गौरतलब है कि यह जत्था सूरजगढ़ से पैदल सफेद निशान जिस पर नीले घोड़े पर श्याम बाबा बना होता है, लेकर आते हैं तथा अपने गंतव्य को भी पैदल ही लौटते हैं। सूरजगढ़ निशान के साथ सादूलपुर विधायक मनोज न्यांगली भी मौजूद रहे।



### श्याम बाबा की जय-जयकार

श्याम भक्त कतारों में श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय, शीश के दानी के जय के जयकारों से वातावरण को श्याममय करते हुए आगे बढ़ते नजर आए। बाबा श्याम का दीदार कर मन्नत मांगते दिखे। इस ग्यारह दिवसीय मेले में आएं श्याम भक्त बाबा श्याम से दुबारा खाटू नगरी में बुलाते रहने की अभिलाषा के साथ अपने गंतव्य को लौट रहे हैं साथ ही मन से कहते रहे म्हानै भूल बिसर मत ज्या ज्यों जी सांवरिया सरकार.... के साथ विदा हुए। वर्षो से चली आ रही परम्परा के अनुसार द्वादशी को सूरजगढ़ का निशान बाबा श्याम के शिखर बंध पर चढ़ाया। सूरजगढ़ का यह निशान विगत 376 वर्षो से आ रहा है।

### फाल्गुन द्वादशी का है महत्व

बाबा श्याम के फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वादशी का महत्व है। बाबा श्याम की स्तुति में भी बाबा श्याम की फाल्गुन शुक्ल द्वादशी का उल्लेख होता है कि फाल्गुन शुक्ल द्वादशी उत्सव भारी होय,बाबा के दरबार से खाली जाय ना कोय। बाबा श्याम के आने वाला भक्त फाल्गुन में झोली भरकर जाता है। वहीं द्वादशी को भक्तजन व स्थानीय लोग चूरमा,खीर का भोग लगाकर मन्नत मांगते हैं।

## बीकानेर में ACB की कार्रवाई

# बीस हजार की रिश्वत लेते पकड़ी गई महिला कांस्टेबल

### दहेज के आरोपी को बचाने के लिए मंगी घूस

**बेधड़क** | बीकानेर



प्रदेश में भ्रष्ट सरकारी कर्मियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को बीकानेर जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई की। एसीबी ने यहां एक महिला कांस्टेबल को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। महिला कांस्टेबल की पहचान बीकानेर महिला थाने की कांस्टेबल अनीता विश्नोई के रूप में हुई है। एसीबी की सीआई पिंकी गंगवाल ने यह कार्रवाई की। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर प्रसाद ने बताया कि दो फरवरी को सुमन नाम की महिला ने अपने पति इरफान पंवार और अन्य ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। उक्त मामले में महिला सिपाही ने परिवादी इरफान से परिवारजन के नाम कटवाने की एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। परिवादी ने इसकी शिकायत एसीबी के हैल्पलाइन नंबर 1064 पर की थी। इसके बाद 21 मार्च को ट्रेप की योजना बनाई। पुलिस निरीक्षक गंगवाल ने परिवादी को विशेष रसायन लगे 20 हजार रुपए देकर भेजा। परिवादी ने थाने जाकर आरोपी महिला सिपाही को रिश्वत की राशि देते ही एसीबी की टीम को इशारा कर दिया।

## फॉरेन करेंसी एक्सचेंज के नाम पर लूट

# सुनसान जगह पर बुलाकर 25 लाख लूटे

**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर में ठगों द्वारा एक व्यक्ति से 25 लाख की लूट का मामला सामने आया है। इस मामले में बाड़मेर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से लूटी गई राशि में से 16 लाख रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के अनुसार जोधपुर के जसवंत सराय इलाके के निवासी सुरेश बारसा पुत्र सोनाराम वाल्मीकि के पास एक मार्च को विदेशी मोबाइल नंबर से एक कॉल आया, जिसमें कहा की उनके पास करीब 25 लाख रुपए की फॉरेन करेंसी है, जिसे वे लोग भारतीय रुपयों में एक्सचेंज करवाना चाहते हैं। इस पर वह 2 मार्च को पैसे लेकर बाड़मेर आया इस दौरान आरोपियों ने उसे बाड़मेर शहर से 10 किलोमीटर दूर स्थित उत्तरलाई गांव में मिलने को कहा। जब पीड़ित वहां पहुंचा तो आरोपियों में से एक व्यक्ति उसके साथ गाड़ी में बैठा और 2 लोग उसके पीछे-पीछे आएं।

उत्तरलाई से थोड़ा आगे सुनसान जगह में आरोपियों ने उससे पैसों का बैग लूट लिया। पुलिस ने वारदात में शामिल खेताराम पुत्र भारूराम, हरदेव पुत्र सुखाराम, ओमाराम पुत्र रामाराम को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य उगराराम के गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## महिला सहित 5 गिरफ्तार

# नशे के सौदागर पकड़े, 44 किलो गांजा जब्त



**बेधड़क** | अजमेर

अजमेर की क्लॉक टावर थाना पुलिस ने एक महिला सहित पांच व्यक्तियों को मादक पदार्थ तस्करी करते पकड़ा। उनके कब्जे से 44 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपी दरगाह क्षेत्र में इसे बेचने की फिराक में थे और रेलवे स्टेशन से उतरे थे। एसपी ने कहा- यहां चार व्यक्ति व एक बच्ची सहित महिला अलग-अलग बैग लिए आते हुए मिले। इनको रोका व बैग में भरे सामान के बारे में पूछा तो अपने कपड़े व घरेलु सामान होना बताया। सभी घबराने लगे और जाने देने की प्रार्थना करने लगे। इसके बाद नूर आलम के बैग के अन्दर प्लास्टिक की खाकी टेप से लिपटे हुए पैकिट मिले। सभी पैकिटों का वजन 44 किलो था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आदर्श नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमावत को सौंपी है।

## पीने के पानी को तरसे पशु और वन्य जीव

# गर्मी की दस्तक के साथ ही गहराने लगा जल संकट

**बेधड़क** | जैसलमेर



जैसलमेर के देगराय इलाके के जंगली जानवरों समेत पशुओं पर पानी का संकट आ गया है। इलाके में जलदाय विभाग द्वारा बनाए गए मोरकुंड पिछले 4 महीने से सूखे पड़े हैं। पहले जानवर देगराय तालाब से अपनी प्यास बुझा लेते थे, मगर उसमें भी पानी सूख जाने से अब जीव जंतुओं पर पीने के पानी का संकट आ गया है और वे प्यासे मर रहे हैं। मगर जलदाय विभाग मोरकुंड में पानी की व्यवस्था नहीं करवा रहा है। इससे पर्यावरण प्रेमियों में खासा रोष है। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह सांवता ने बताया कि देगराय इलाके के मोरकुंड में पिछले 4 महीने से पानी नहीं आ रहा है। पाइप लाइन बीच में से कहीं क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की समस्या पैदा हुई थी। मगर उस दौरान देगराय तालाब में पानी होने से सभी पशु और जंगली जीव अपनी प्यास देगराय तालाब से बुझा लेते थे। मगर देगराय तालाब में इन दिनों पानी नहीं होने से जानवर दुबारा से मोरकुंड की तरफ लौटे हैं।

### जल्द करेंगे पानी की व्यवस्था

इस मामले में जलदाय विभाग के एईएन गोपाल सिंह मीना ने बताया कि पानी के प्रोजेक्ट का काम चलने के कारण पानी की समस्या आ रही है। लेकिन बहुत जल्द पानी के टैंकर आदि भिजवा कर मोरकुंड को भरवाने का काम करेंगे। इसके बाद पानी की प्रोपर व्यवस्था आदि के लिए पाइप लाइन आदि जल्दी से सही करवा देंगे,, ताकि गर्मी के मौसम में वन्य जीवों और पशुओं को पानी की समस्या नहीं आवे।

### मोरकुंड सूखने से वन्यजीव प्यासे

मगर मोरकुंड सूखे होने के कारण जंगली जानवरों और पशुओं के सामने पीने के पानी का संकट आ गया है। अब वे सब प्यासे भटक रहे हैं। सुमेर सिंह ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से जलदाय विभाग को कई बार अवगत करवाया है, मगर अभी तक इसका कोई हल नहीं निकला है। ऐसे में पानी की व्यवस्था नहीं होने से पशु और जंगली जानवर बिना पानी के तड़प कर मर जाएंगे।

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय संस्थान की ओर से आयोजित हुआ राजभाषा सम्मेलन

# देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण रही है हिन्दी भाषा की भूमिका

**बेधड़क** | जयपुर

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय संस्थान नेहरू युवा केंद्र संगठन जयपुर की ओर से गुरुवार को राज्य स्तरीय हिंदी राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि पत्र सूचना कार्यालय व केन्द्रीय संचार ब्यूरो कि अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि हिंदी राजभाषा को हमें अपने दैनिक कामकाज में हिंदी को प्रमुखता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा महापुरुषों की जीवनी से संबंधित हिन्दी पुस्तकें पढ़नी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसआरसी जयपुर के सचिव व वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बोड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत युवाओं का देश है और आवश्यकता इस बात की है कि युवा राजभाषा हिंदी के महत्व को समझें।

उन्होंने युवाओं के बीच बढ़ती मोबाइल की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नई पीढ़ी पढ़ाई में अपना समय बिताने कि बजाय सोशल मीडिया पर अपना समय जाया कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने देश को एकजुट करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने राज्य स्तरीय राजभाषा सम्मेलन की जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी, लेख कार्यक्रम सहायक एव युवा स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के राजभाषा अधिकारी गुरदयाल सिंह ने राजभाषा नीति अधिनियम नियम आदेशों पर विस्तार से जानकारी दी।



### हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए संवाहक बनें

दूरदर्शन केंद्र जयपुर के कार्यक्रम अधिशासी वीरेंद्र कुमार परिहार द्वारा राजभाषा हिंदी में काम करने एवं कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि हिंदी का अभ्यास जारी रखें, विद्वानों के आलेख पढ़ें। हिंदी को सकारात्मक रूप से अपने मनोविचारों में लाएं एवं नकारात्मक विचारों को नहीं आने दें। सोचने की ताकत को बदलें, सोचने का नजरिया बदलें, खुद की पहचान करें, आत्म अवलोकन के साथ-साथ अपने आप से बात करें, हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए युवा शक्ति संवाहक बन सकती है। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने बताया कि हिंदी सिनेमा, रेडियो, आकाशवाणी, टेलीविजन, दूरदर्शन, हिंदी फिल्मों के गानों, साहित्यकारों की रचनाओं, कवि सम्मेलनों और तीज त्योहारों, लोक कलाकारों ने भी हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सदियों से प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 की अध्यक्षता में मीटिंग में भी हिंदी में ही अपनी बात रखी, भाषा सबसे बड़ा परिधान है।

## Yuva स्टोरीज



### निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**बेधड़क, जयपुर।** रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एएसजी आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों की निशुल्क नेत्र जांच की तथा उपयुक्त परामर्श दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को अधिक से अधिक नेत्र जांच के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में 200 से अधिक छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने नेत्र परीक्षण करवा कर लाभ उठाया।

### कोई बना शिव तो कोई बाल गणेश



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के मंच पर शिव का रूप साकार किया तो किसी ने बाल गणेश का रूप लेकर दर्शकों का मन मोहा। मौका था गोकुलपुरा के माइंड एंड सोल स्कूल के एनुअल फंक्शन का। धार्मिक थीम पर आयोजित कार्यक्रम में ढाई साल से लेकर 7 साल तक के बच्चों ने परफॉरमेंस दी। शुरुआत स्कूल की को-फाउंडर डॉ. कीर्ति शेखावत व शर्मिष्ठा शेखावत ने की। इस अवसर पर नमो नमो शंकर, शंकर जी का डमरू बजे, ॐ नम शिवाय... आदि गीतों पर बच्चों ने प्रस्तुति दी।



### अरुण सेंथिल राज का किया अभिनंदन

**बेधड़क, जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी कैंपस में चांसलर, डॉ. अशोक गुप्ता और रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने गुरुवार को सेफ्टी, हेल्थ और एनवायर्नमेंट स्पेशलिस्ट अरुण सेंथिल राज का अभिनंदन किया। रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल और आईआईएसयू रोटेरेक्ट क्लब के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अरुण सेंथिल राज ने समुदाय के सभी सदस्यों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा पहल को प्राथमिकता देने की पुरजोर पैरवी की। उन्होंने आईआईएस यूनिवर्सिटी के सड़क सुरक्षा सेल की भी सराहना की। गौरतलब है कि अरुण सेंथिल राज मेंटल हेल्थ और रोड़ सेफ्टी जैसे अहम पक्ष के प्रति जागरुकता फैलान को लेकर पूरे भारत में सड़क यात्रा के लिए निकले हैं। इन्होंने अब तक 8000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की है। सिर्फ 35 दिन में 14 राज्यों से होते हुए राज ने 35 स्थानों को छुआ है। गौरतलब है कि सीजन्ड पब्लिक स्पीकर एंड एडेप्ट कॉर्पोरेट मैनेजर अरुण सेंथिल राज सरकार की ओर से राष्ट्रीय कौशल विकास से प्रमाणित प्रशिक्षक भी हैं। राज को 18 साल का औद्योगिक अनुभव भी है। उन्होंने देश भर में करीब 5000 से अधिक औद्योगिक पेशेवरों के साथ अपनी अंतर्दृष्टि साझा की है।

ISIM में शुरू हुआ इंटरनेशनल रामायण अधिवेशन

# रामायण से निकलती है मॉडर्न मैनेजमेंट की राह



**बेधड़क** | जयपुर

आईएसआईएम कैंपस में गुरुवार को छठे अंतरराष्ट्रीय रामायण अधिवेशन का शुभारंभ हुआ। यह अधिवेशन 'रामायण एंड मॉडर्न मैनेजमेंट' थीम पर आधारित है। ह्यूस्टन, यूएसए स्थित श्री रामचरित भवन के प्रेसिडेंट प्रो. ओमप्रकाश के गुप्ता ने तीन दिवसीय सम्मेलन की विषय वस्तु प्रस्तुत की। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'भारतीय लोकाचार पर आधारित भारतीय प्रबंधन' के विचार द्वारा भारतीय संगठनों को प्रभावी बनाने व विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करना व रामायण में निहित मानवीय मूल्यों के संदेश को बढ़ावा देना है। आईएसआईएम, श्री रामचरित भवन एवं एम्स इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस तीन दिवसीय कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरुचिरापल्ली के डायरेक्टर प्रो. पवन कुमार सिंह थे। प्रो. सिंह ने अपने अभिभाषण में बड़े ही सुंदर तरीके से रामायण और जीवन में इसके महत्व को समझाया।



प्रो. सिंह ने वेदों-उपनिषदों में राम सबंधी खण्डों, राम मंत्र, राम स्त्रोत, रामगीत व भगवान शब्द के भावार्थ जैसे रामायण से जुड़े पहलुओं व इनके वर्तमान जीवन में परिप्रेक्ष्य को विस्तृत रूप से विश्लेषित किया। प्रो. सिंह ने राम के गुणों- पूर्वअभिवादनशील, पूर्वभाषी, अमोघ, अनुकूल, अनुसूयक, बहुशुत, धीर, जितमित्र इत्यादि गुणों को आम जीवन में अपनाने पर विशेष जोर दिया। प्रो. सिंह ने अपने सम्भाषण में रामायण व प्रबंधन से जुड़े उपस्थित शोधकर्ताओं व विद्यार्थियों को 16 से अधिक शोध-योग्य विषय प्रस्तावित किए।



### रामकथा विश्व के लिए मूल्यों का स्त्रोत

अधिवेशन के मुख्य वक्ता के रूप में ज्योतिष विशेषज्ञ व जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. विनोद शास्त्री ने कहा कि आधुनिक युग में रामकथा विश्व के सभी प्राणियों के लिए ज्ञान और मूल्य का स्त्रोत है। प्रो. शास्त्री ने वर्तमान समय और रामयुग की समानता को व आज के परिप्रेक्ष्य में रामायण की आवश्यता के महत्व को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र में अधिवेशन में प्रस्तुत शोध पत्रों से संग्रहित ई-बुक का विमोचन किया गया।

### राम से जुड़े गूढ़ विषयों पर होगी चर्चा

इस तीन दिवसीय सम्मेलन के प्रथम दिवस में रामायण एव विभिन्न पहलुओं जैसे तुलसी काव्य, सृष्टि रहस्य, रामायण फोर सस्टेनेबिलिटी ईकोनोमी, श्रीरामचरित मानस व श्रीमदभगवदगीता का तुलनात्मक अध्ययन व 'ग्रोइंग रेलीवैन्स ऑफ रामायण इन दी कनटैम्परैरी ब्लड' जैस गूढ़ विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आईएसआईएम के विद्यार्थियों ने रामकथा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आगामी दो दिनों में रामचरितमानस की उपादेयता मानस में मातृशक्ति, रामत्व की प्राप्ति इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आईएसआईएम के चैयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने सभी वक्ताओं को इस अत्यंत प्रासंगिक विषय पर अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त करने के लिए धन्यवाद दिया।

संस्कृत विवि के साथ हुआ एमओयू

# RU में खुलेगा भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में भारतीय भाषा अनुवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा मुख्य अतिथि थी। मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. विश्वास शामिल हुए। अध्यक्षता जयपुर परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा प्रो. वाईएस रमेश थे। कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाया जाना चाहिए एवं पाश्चात्य संस्कृति का बिना सोचे समझे अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। भाषानुवाद पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जो भी विषय है उसे उसकी प्रकृति के अनुरूप ही पढ़ाया जाना चाहिए तथा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है क्योंकि यहां संस्कृतनिष्ठ वातावरण को बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. विश्वास ने सरल मानक संस्कृत के आधार पर सरलतम रूप में मातृभाषा से संस्कृत भाषा तथा क्लिष्ट संस्कृत भाषा से सरल संस्कृत भाषा में अनुवाद करना सिखाया। प्रो. वाईएस रमेश ने बताया कि भाषा अनुवाद अत्यधिक महत्वपूर्ण है किंतु यह अनुवाद भाव को लिए हुए भी होना चाहिए। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय निदेशक प्रो. सुदेश शर्मा ने भी भाषा अनुवाद के महत्व को प्रतिपादित किया। द्विदिवसीय कार्यशाला के संयोजक डॉ. डंबरूधर पति ने बताया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और राजस्थान विश्वविद्यालय के बीच एमओयू हुआ है जिसके तहत राजस्थान विश्वविद्यालय में आइकेएस सेंटर भारतीय ज्ञान प्रणाली का केन्द्र खोला जायेगा। कुलपति की मांग स्वीकार करते हुए जयपुर परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने सेंटर खोलने कि स्वीकृति दी। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. प्रतिष्ठा शर्मा, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. किरण खींची, डॉ. अंजू चौधरी, डॉ. प्रभात कुमार दास, डॉ. बलवीर मीना, मीडिया समन्वयक डॉ. रानी दाधीच, डॉ. नमिता मितल सहित अनेक संस्कृत विद्वान व संस्कृत अनुरागी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

उल्लास | NIA में जमा फागोत्सव का रंग

# फाग की धमाल के बीच गूंजा महिला शक्ति का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मार्च माह में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का समापन गुरुवार को फागोत्सव के साथ हुआ। फागोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेक्रेटरी, ग्राम भारती समिति कुसुम लता जैन, कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, प्रति कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, डॉ. अनीता शर्मा, डॉ. निशा ओझा, डॉ. सुमन शर्मा और डॉ. पूनम चौधरी ने किया।



फागोत्सव में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की महिला चिकित्सक, शिक्षक, कर्मचारी, छात्राओं के साथ अन्य देशों से अध्ययन कर रही छात्राओं ने बॉलीवुड, साउथ फिल्मों, हरियाणवी, राजस्थानी गानों पर डांस किया। इस अवसर पर फूलों की होली में सबने जमकर आनंद लिया।

महिला सशक्तिकरण की थीम पर आयोजित फागोत्सव में कुलपति संजीव शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का देश ओर समाज में बहुत विशिष्ट स्थान है। आज महिलाएं अपनी सफलताओं से आसमान को छू रही हैं, पूरे देश मे राजनीति, उद्योग, चिकित्सा, खेल, विज्ञान, सेना के साथ कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर सफलता का लोहा मनवाया है। आज महिलाएं अपनी मेहनत के बल पर कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर रही हैं। जिस जगह महिलाओं का सम्मान होता है उस घर और संस्थान में मां लक्ष्मी और मां सरस्वती का वास होता है, उस जगह उमंग, उत्साह और खुशियां होती हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में 68 प्रतिशत छात्राएं हैं, आज सभी जगह इनकी भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य परीक्षाओं के परिणाम में महिलाएं सर्वोच्च स्थान पर आ रही हैं। महिलाओं की सभी क्षेत्रों में सफलता से अन्य महिलाओं को मोटिवेशन मिलता है और उनकी सफलता उस संस्थान से नहीं बनती बल्कि उस संस्थान की पहचान उनकी सफलता से बनती है। महिलाओं को देश और समाज की प्रगति के लिए सदैव अपना योगदान देना चाहिए।

### महिलाओं को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अंतर्गत मार्च माह में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें सभी रोगियों की सीबीसी एवं सभी महिलाओं की पैप स्मीयर की जांच, ओपीडी एवं सभी जांचे निःशुल्क की गई। महिलाओं में स्वास्थ्य सम्बंधित जागरुकता बढ़ाने के लिए सर्वाइकल कैंसर एवं पैप स्मीयर विषय पर डॉ. हेतल दवे द्वारा जानकारी दी गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। प्रति कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुसुम लता जैन, डॉ. अनीता शर्मा ने भी इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संस्थान में कार्यरत महिला चिकित्सक, शिक्षक, कर्मचारी और स्टूडेंट्स ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हूटिंग और तालियों ने सभी का उत्साह वर्धन किया।

# जल संकट : अब चेतने का समय है




**ज्ञानेन्द्र रावत**
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्


देश में अभी गर्मी के मौसम का आगाज ही हुआ है और जल संकट ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। देश का आई टी हब और सिलीकान वैली के नाम से मशहूर शहर बंगलुरू इसका प्रमाण है जहां के लोग जल संकट से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पानी के एक टैंकर के लिए दो हजार तक देने को तैयार हैं फिर भी वह मयस्सर नहीं है। पानी की बोतलों के लिए मारा-मारी है। जल संकट के चलते वहां स्कूल-कालेज बंद कर दिए गये हैं। कोचिंग सेंटरों ने आपात स्थिति की घोषणा कर वर्चुअल क्लास लेने को कहा है। कार धुलाई, बागवानी, भवन व सड़क निर्माण आदि पर पाबंदी है और ऐसा करने पर 5000 के जुर्माने की घोषणा की गयी है। माल-सिनेमाघरों से पेयजल का इस्तेमाल केवल पीने के लिए ही करने को कहा है। 4997 बोरवैल सूख गये हैं, 136 में से 123 तालुका सूखाग्रस्त घोषित कर दिए गये हैं। लोगों को 15 लीटर प्रति व्यक्ति रोजाना इस्तेमाल की सलाह दी जा रही है। लोग वर्क फ्राम होम की मांग कर रहे हैं। वहां संपत्ति खरीदने पर पुनर्विचार कर रहे हैं। 1.4 करोड़ की आबादी में से एक बड़ा वर्ग बंगलुरू छोड़ वैकल्पिक समाधान तलाशने और पलायन को विवश हैं। हालात की भयावहता का सबूत यह है कि राज्य के मुख्यमंत्री आवास में भी टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। असलियत में जलदाय संस्थान और नगर निकाय जलापूर्ति करने में खुद को बेबस पा रहे हैं। गौरतलब है कि अभी तो गर्मी की शुरूआत है, जब अभी बंगलुरू की यह हालत है तो गर्मी में क्या होगी? इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

हकीकत यह है कि पानी के मामले में हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध देश है। इसके बावजूद जल संकट की गंभीरता सबसे ज्यादा चिंता का विषय है।यह भी कि यह संकट केवल पानी की कमी तक ही सीमित नहीं है। उसका असर सभी क्षेत्रों के साथ-साथ प्राकृतिक एवं कृत्रिम जलस्रोतों पर भी है। सबसे बडी बात और यह कटु सत्य भी है कि इसके अलावा यह जलस्रोतों में दिनोंदिन तेजी से बढ़ता प्रदूषण, घटती क्षमता, जलवायु परिवर्तन का बढ़ता खतरा,जनप्रतिनिधियों, योजनाकारों,कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रबंधकों तथा समाज की चिंता का विषय भी है। इसका अहम कारण यह भी है कि यह मनुष्य के जीवन-मरण से जुडा है। इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता। देखा जाये तो धरती पर 97 फीसदी जल समुद्र का खारा पानी है। केवल तीन फीसदी ही मीठा पानी है। यह तीन फीसदी पानी ही हर जीव को जीवनदान देता है। नीति आयोग तक ने यह तथ्य स्वीकार किया है कि आज देश की 60 फीसदी आबादी पीने के पानी से वंचित है। शोध-अध्ययन सबूत हैं कि 13 करोड़ बच्चों को जरूरत भर पानी भी मयस्सर नहीं है। राजधानी दिल्ली सहित गुरूग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद डार्क जोन में हैं। दिल्ली, शिमला, हैदराबाद, जयपुर, इंदौर, अमृतसर, लुधियाना, चेन्नई, गांधीनगर आदि महानगर केपटाउन बनने की ओर अग्रसर हैं। पूरे देश का जायजा लें तो पाते हैं कि देश का कोई भी इलाका जल संकट की मार से अछूता नहीं है। देश का उत्तरी इलाका जो सतही जल के मायने में सबसे ज्यादा संपन्न माना जाता है, वह भी गंभीर जल संकट की चपेट में है। सुदूरवर्ती अंचलों की भी स्थिति भयावह है। गाजियाबाद रैड जोन घोषित हो ही चुका है। उत्तर प्रदेश के महोबा, हमीरपुर, बांदा, झांसी, ललितपुर की स्थिति बेहद चिंतनीय है। बुंदेलखंड में तो कई बार ऐसे मौके आए हैं जबकि लोग पानी के अभाव में घरों में ताले लगाकर रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को विवश हुए हैं। महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश के सीमांत इलाकों में कई- कई मील चलकर आज भी एक घडा पानी लाने को मजबूर हैओ महिलाएं। कहीं-कहीं गड्ढों का पानी पीने को मजबूर हैं लोग। यहां के कुछ इलाकों में लोग दो शादी इसलिए करते हैं कि एक पत्नी मीलों चलकर पानी लाए और दूसरी घर का कामकाज निपटाए। तेलंगाना की सीमा से सटे महाराष्ट्र के गांव वासी पानी के संकट के चलते पलायन को मजबूर हैं।

> *पानी के मामले में हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध देश है। इसके बावजूद जल संकट की गंभीरता सबसे ज्यादा चिंता का विषय है। यह भी कि यह संकट केवल पानी की कमी तक ही सीमित नहीं है। उसका असर सभी क्षेत्रों के साथ-साथ प्राकृतिक एवं कृत्रिम जलस्रोतों पर भी है।*

जब बात भूजल दोहन की आती है तो भूजल दोहन के मामले में हमारे देश का दुनिया में 24वां स्थान है और पीने के पानी के मामले में दुनिया के 122 देशों में हमारा देश 120वें पायदान पर है।देश के तीन चौथाई घरों में पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। बीते दशकों का जायजा लें तो पाते हैं कि 1960 के बाद से पानी की मांग दोगुणी से भी अधिक हो गयी है। इसमें बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगिक विकास और तेजी से हुए निर्माण कार्यों की अहम भूमिका है। इसके चलते 2050 तक पानी की मांग में 25 फीसदी और अधिक बढोतरी होगी। सबसे खतरनाक स्थिति यह है कि भूजल के अत्याधिक दोहन से पृथ्वी की धुरी खिसक रही है जो खतरनाक संकेत है। इसलिए अब भी समय है। पानी का मोल समझो। पानी का दैनिक जीवन में मितव्यता से इस्तेमाल करो। उसे बर्बाद मत करो। जान लो यह अनमोल है। रतन है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि 2030 तक देश की 40 फीसदी आबादी को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। इसलिए अब जागने का समय है। यदि अब भी हम चूक गये तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी और तब बहुत देर हो जायेगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**


## विश्व जल दिवस आज

# जल की आपूर्ति और शुद्धता की चुनौती




**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


भारत में जल का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तो अन्य क्षेत्रों में इसकी कमी है। आज जरूरत इस बात की है कि जल संबंधी ऐसी वितरण व्यवस्था हो ताकि जल हानि न हो और जल प्रदूषित होने से भी बच जाए। इसे बचाने की कोशिश नहीं हुई तो मानव जीवन का संकट में पड़ना तय है। ध्यान देना होगा कि भूजल जल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसका उचित संरक्षण और उपयोग बेहद आवश्यक है। भारत के जल संसाधन पर नजर दौड़ाएं तो भारत में विश्व के जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग पाया जाता है। इसका लगभग एक तिहाई भाग वाष्पीकृत हो जाता है। तथा 45 प्रतिशत भाग ढाल के अनुरुप बहकर तालाबों, झीलों और नदियों में चला जाता है। वर्षण से जल की जो थोड़ी-सी मात्रा यानी तकरीबन 22 प्रतिशत मृदा में प्रवेश कर भूमिगत हो जाती है उसे भौम जल या भू-जल कहा जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में भूजल का व्यवहार अत्यधिक जटिल है। जीईसी 1997 के दिशा निर्देशों एवं संस्तुतियों के आधार पर देश में स्वच्छ जल के लिए भूजल संसाधनों का आकलन किया गया जिसके मुताबिक देश में कुल वार्षिक पुनः पूरणयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है। धरातलीय जल तथा पुनर्भरण योग्य भूमिगत जल से 1,869 घन किमी जल उपलब्ध है और इनमें से केवल 60 प्रतिशत यानी 1,121 घन किमी जल का लाभदायक उपयोग किया जाता है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है। विश्व बैंक के विगत चार साल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। विडंबना यह है कि भूजल के स्तर में लगातार गिरावट भी हो रही है। भौगोलिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं तो भारत के पठारी भाग भूजल की उपलब्धता के मामले में कमजोर हैं। यहां भूजल कुछ खास भूगर्भिक संरचनाओं में पाया जाता है जैसे भ्रंश घाटियों और दरारों के सहारे। वहीं दूसरी ओर उत्तरी भारत के जलोढ़ मैदान हमेशा से भूजल में संपन्न रहे हैं। लेकिन अब उत्तरी व पश्चिमी भागों में भूजल के तेजी से दोहन से अभूतपूर्व कमी देखने को मिल रही है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 प्रतिशत तक नीचे पहुंच चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में भारत के 29 प्रतिशत विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2025 तक लगभग 60 प्रतिशत विकास खंड चिंतनीय स्थिति में आ जाएंगे। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है। 1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। इसी तरह 1980 में राष्ट्रीय जल बोर्ड तथा 2006 में भू-जल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया गया। 2012 में राष्ट्रीय जल नीति तैयार किया गया जिसके तहत सुनिश्चित किया गया कि जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्षा का प्रत्यक्ष उपयोग एवं अपरिहार्य वाष्पोत्सर्जन को कम करने का प्रयास होगा। देश में भूजल संसाधन की मात्रा एवं गुणवत्ता की स्थिति का पता लगाया जाएगा। जलवायु परिवर्तन के अनुरुप जल संसाधनों के संरक्षण तथा अनुरुप प्रौद्योगिकी विकल्प को आजमाया जाएगा। औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जल उपयोग के लिए परियोजना मूल्यांकन एवं पर्यावरणीय अध्ययन का विश्लेषण किया जाएगा। लेकिन सच तो यह है कि इन प्रयासों के बावजूद भी भारत में जल संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु व्यापक स्तर पर संचालित कार्यक्रम परिणाम की दृष्टि से प्रभावी साबित नहीं हुए है। भूजल के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए एक स्पष्ट प्रभावी कानूनी ढांचे का अभाव बना हुए है। नतीजा भूजल न सिर्फ बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है बल्कि उसके स्तर में भी भारी गिरावट आ रही है। हैरान करने वाला यह कि इस गहराते संकट का असर दिखने के बाद भी इसके बचाव के लिए लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही है। नतीज हर वर्ष अरबों घन मीटर भूजल दूषित हो रहा है। यह समझना होगा कि भारत सालाना जल की उपलब्धता के मामले में चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से बहुत पीछे है। ऐसे में अगर दूषित व गिरते भूजल को बचाने का समुचित उपाय नहीं किया गया तो हालात खतरनाक स्तर तक पहुंच सकते है। याद होगा अभी गत वर्ष पहले ही सर्वोच्च अदालत ने नदियों में बढ़ते प्रदूषण और उससे लोगों की सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि साफ पर्यावरण और प्रदूषण रहित जल व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे उपलब्ध कराना कल्याणकारी राज्य का संवैधानिक उत्तरदायित्व है। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन का अधिकार देता है और इस अधिकार में गरिमा के साथ जीवन जीने और प्रदूषण रहित जल का अधिकार शामिल है। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद 47 और 48 में जन स्वास्थ्य ठीक करना और पर्यावरण संरक्षित करना राज्यों का दायित्व है। साथ ही प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है कि प्रकृति जैसे वन, नदी, झील और जंगली जानवरों का संरक्षण व रक्षा करे। याद होगा गत वर्ष पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जारी अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया कि दिल्ली के पेयजल की गुणवत्ता कम हुई है जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के पेयजल के नमूने 19 मानदंडों में से किसी पर खरे नहीं पाए गए थे। कमोवेश ऐसी ही स्थिति देश के तकरीबन सभी राज्यों की है। उचित होगा कि सरकार दूषित और गिरते भूजल स्तर की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालीन उपायों के साथ ही कुओं व तालाबों के संरक्षण, सिंचाई के स्रोतों के विकास और जल स्रोतों के पुनर्जीवन के बारे में जल मित्रों के जरिए जनभागीदारी के साथ जागरुकता फैलाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को गति दे।



> *घटते भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए समुद्र में प्रवाहित होने वाले अतिरिक्त वर्षा अपवाह का संरक्षण करे और फिर उसकी सहायता से पुनः पूरण द्वारा भूजल संसाधनों में वृद्धि करे। जलाशयों के जल का समय-समय पर परीक्षण करा नियमित सफाई सुनिश्चित करे। जनसाधारण में जल प्रदूषण के प्रति जागरुकता फैलाए। तटवर्ती भागों में समुद्री जल का निर्लवणीकरण करके जल का विभिन्न कार्यों में प्रयोग करे। राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है।*

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# राजनीति में लाभ का गणित

गुड़की दो सप्ताह यहां वहां रमने और अचानक ए पार्टी छोड़कर बी पार्टी में छलांग लगाने के बाद रविवार सुबह आठ बजे घर पर मिलने आया। मैंने भी गुड़की को आता देख पन्द्रह मिनट से पढ़ रहे अखबार को एक ओर डाला और मुस्कुराते हुए उसका स्वागत किया। मैंने देखा उसके चेहरे पर प्रसन्नता सिर चढ़कर बोल रही थी। लगा जैसे किसी नई बगिया में पहली बार सूरजमुखी का फूल खिला हो।

गुड़की पास की कुर्सी में बैठ गया। मैंने 'पूछा इतने दिन का रम रहे थे? तुम भी कुछ ना कुछ कर बैठते हो। अखबारी खबर से ही मालूम पड़ा कि तुमने अपनी ही प्रिय पार्टी को छोड़ दूसरी पार्टी का दुपट्टा गले में डाल लिया है और सदस्यता भी ग्रहण कर ली। पार्टी ए का बुरे वक्त पर साथ क्यों छोड़ दिया?'

गुड़की बोला 'सब कुछ बताऊंगा पहले गरमा गरम चाय तो पिलवा दो। कुछ ही देर में बिटिया चाय ले आई। पहला सिप लेते हुए वह संतुष्टि भाव से बोला 'आज पचास साल वाली नैतिकता वाली राजनीति नहीं रही। जनता की सेवा भी चुनाव जीतने तक चर्चा में रहती है। आज तो मुख्य आधार राजनीति में लाभ की गणित का पहाड़ा पढ़ना है। मैंने मिडिल क्लास में लाभ हानि कैसे खूब सवाल किये समझे। बस उसी को राजनीति जीवन में उतारने लगा। अब तो सफल नेता वही है जो हवा के रुख को पहचान अपनी नाव उधर ही खेने लगे। धारा की विपरीत चलकर कुछ हांसिल होने वाला नहीं है। इस बार तो मैं ही क्या अपनी मूल पार्टी के गिरते जन आधार के चलते हारने के डर से सब दूसरी पार्टी में जा रहे हैं । जो नेता नाम और काम का है उसे तो टिकट भी थमा रहे हैं। वह भी खुश होकर बहती गंगा में आनंदित हो,जीत के संभावित सुख से खुश हो रहा है। वह इसलिए भी खुश है कि उसका जो मान सम्मान ए पार्टी में था वही इस नई बी पार्टी में भी है। पार्टी का दरवाजा खुला हुआ है। अंदर जाकर पार्टी के चबूतरे पर रखी कुर्सियों में बैठो। पार्टी का पट्टा गले में डालो, फोटो खिंचाओ और माथे पर पार्टी का शुभ आगमन का टीका लगवाओ।'

'पर गुड़की तुम तो पहले ही कहा करते थे कि तुम्हें इस पार्टी में अच्छा मान सम्मान मिला हुआ है। एक बार तो राज्य मंत्री भीबने थे। फिर नई पार्टी में क्यों छलांग लगा ली?'

अब ए पार्टी का भविष्य डांवाडोल बना हुआ है। पता क्या कुछ हो जाए। इसीलिए मैं भी बी पार्टी के उगते सूरज को नमन करने चला गया । मुझे यहां भी टिकट मिलने की संभावना है। और यदि मिला तो जीत तो बी पार्टी की लहर के चलते निश्चित है। फिर मजे की ही मजे। जैसे रसगुल्ला चासनी की में पड़ा रह अपने मीठे पन पर गर्व करता रहता है वैसे ही मेरे जीवन में रस रसीला आनंद मंगल बना रहेगा। आज जो लाभ की राजनीतिक समझ गया वही राजनेता, सफलता की सीढ़ियां चढ़ अपने लक्ष्य की और बढ़ाने में सफल हो रहा है। इतना कह वह अचानक जाने के लिए उठा और चलता बना। मैं देर तक उसके लाभ के गणित की राजनीति पर सोचता रहा।

## नॉलेज कॉर्नर: संयुक्त राष्ट्र ने 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' 2024 जारी की

# क्या है इन देश के लोगों की लंबी उम्र का राज?

फिनलैंड एक बार फिर दुनिया का सबसे खुशहाल देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र ने 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' 2024 जारी की। रिपोर्ट की रैंकिंग में फिनलैंड ने लगातार सातवीं बार अव्वल स्थान हासिल किया है। दूसरे नंबर पर डेनमार्क, तीसरे पर आइसलैंड और चौथे पायदान पर स्वीडन है। दिलचस्प बात है कि हमास से युद्ध लड़ रहे इजराइल की रैंक भी पांचवीं है। अमेरिका को दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर और विकसित देश माना जाता है। हालांकि, इस साल वो सबसे खुशहाल देशों की रैंक में टॉप 20 तक में अपनी जगह नहीं बना पाया। रिपोर्ट में देशों को 0-10 के स्केल पर मापा गया है। एवरेज लाइफ इवेलुएशन के मामले में 23वें रैंक वाले अमेरिका का स्कोर 6.725 था। जबकि फिनलैंड का स्कोर 7.741 था। आइए देखते हैं कि सबसे खुशहाल देश के लोगों की औसत उम्र क्या और वो इतना लंबा क्यों जीते हैं।

### भारत का क्या है स्टेटस?

जारी की गई सूची के अनुसार टॉप 10 देशों में फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, इजराइल, नीदरलैंड, नॉर्वे, लक्समबर्ग, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया शामिल है। वहीं भारत की बात की जाए तो इंडिया 126वें स्थान पर है, जबकि चीन 60वें, नेपाल 93वें, पाकिस्तान 108वें, म्यांमार 118वें, श्रीलंका 128वें और बांग्लादेश 129वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अधिक उम्र का संबंध उच्च जीवन संतुष्टि से है। हालांकि, वृद्ध भारतीय महिलाओं ने वृद्ध पुरुषों की तुलना में कम जीवन संतुष्टि की सूचना दी। इसमें कहा गया है कि शिक्षा और जाति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, माध्यमिक या उच्च शिक्षा वाले वृद्ध वयस्कों और उच्च सामाजिक जातियों के लोगों ने औपचारिक शिक्षा के बिना अपने समकक्षों और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की तुलना में उच्च जीवन संतुष्टि की रिपोर्ट की है।



### लंबी आयु कई फैक्टर

खुशहाल देशों में रहने वाले लोगों की लंबी आयु कई फैक्टर पर निर्भर करती है, जिसमें अच्छा हेल्थ केयर सिस्टम के अलावा लाइफस्टाइल, शिक्षा और पर्यावरण भी है। जैसे- फिनलैंड की लाइफ एक्सपेक्टेंसी 2000 से 2020 के बीच चार साल तक बढ़ गई है। 2020 के आंकड़े देखें तो यहां की महिलाओं की औसत उम्र 85 साल और पुरुषों की औसत उम्र 79.4 थी। यह दूसरों के मुकाबले फिनलैंड के बेहतर और बेहतर हेल्थ केयर सिस्टम का नतीजा है। लंबी उम्र का एक फैक्टर जिस पर कम लोगों का ध्यान जाता है वो है पर्यावरण। ऐसी कई वैज्ञानिक शोध किए गए हैं जिनमें पाया गया है कि अच्छा पर्यावरण का लंबी उम्र से सीधा संबंध है। डेनमार्क इस संबंध को साबित करने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### डेनमार्क बाइसाइकिल कंट्री

*डेनमार्क एक बाइसाइकिल कंट्री है। यहां आबादी का एक बड़ा हिस्सा ट्रेवल के लिए साइकिलका इस्तेमाल करता है। इससे प्रदूषण भी नहीं होता और लोगों की एक्सरसाइज भी हो जाती है। यह अपनी एनर्जी की जरूरतों का 41 प्रतिशत हिस्सा विंड एनर्जी से पूरा करता है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**अमित शाह,** गृह मंत्री
**@AmitShah**
जिस विपक्ष के नेताओं का काला धन गिनते-गिनते मशीन गर्म हो गई और पैसे ले जाने के लिए गाड़ी छोटी पड़ गई... वे ED पर सवाल उठा रहे हैं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
मीसा बंदियों को नमन...
लोकतंत्र सेनानी संघ एवं लोकतंत्र रक्षा मंच के संयुक्त तत्वाधान में विजय दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित होकर उपस्थित जनों को संबोधित किया व वर्ष 1975 के सभी पुण्यात्मा सत्याग्रहियों को भावपूर्ण नमन किया, जिन्होंने 'आपातकाल' की अमानवीय यातनाओं को सहकर भी देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में सहयोग दिया था।
आपातकाल में जनतंत्र की पुनर्स्थापना हेतु उन सभी महान विभूतियों का संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा है।

**चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई:** बड़े नेताओं के रिश्तेदार अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटाया

## कई राज्यों के पुलिस अधीक्षकों व जिला अधिकारियों का किया तबादला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गुरुवार को असम और पंजाब में दो जिला पुलिस प्रमुखों का तबादला कर दिया। ये दोनों राजनीतिक दलों के नेताओं के रिश्तेदार हैं।

इन अधिकारियों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के भाई भी शामिल हैं। आयोग ने कुछ राज्यों में बिना कैडर वाले जिलाधिकारियों (डीएम) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) या पुलिस अधीक्षकों का भी स्थानांतरण किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिना कैडर वाले डीएम और एसपी को इसलिए हटाया गया है, क्योंकि ये पद क्रमशः भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए हैं। आयोग ने कहा कि उसने पंजाब, ओडिशा, गुजरात और पश्चिम बंगाल में बिना कैडर वाले आठ पुलिस अधीक्षकों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों तथा पांच जिलाधिकारियों का तबादला कर उच्च पदों पर ऐसे अधिकारियों की पदस्थापना के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसे कुछ अधिकारियों का तबादला किया गया है, जो जन प्रतिनिधियों के सगे-संबंधी हैं। आयोग के अनुसार सोनितपुर के एसपी सुशांत बिस्व सरमा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के भाई हैं. वहीं बठिंडा के एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल खडूर साहिब से कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई हैं। आयोग ने कहा कि इन दो जिलों में अधिकारियों का तबादला प्रशासन के पूर्वाग्रह से ग्रस्त होने की आशंकाओं को दूर करने के लिए किया गया है।




### इन जिलों के बदले अधिकारी

निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा सुखबीर सिंह संधू की बैठक के बाद अधिकारियों के स्थानांतरण का फैसला लिया गया। जिन अधिकारियों का तबादला किया जा रहा है, उनमें गुजरात के छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण जिलों के एसपी, पंजाब में पठानकोट, फजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मालेरकोटला जिलों के एसएसपी शामिल हैं। इसी तरह ओडिशा में ढेंकानल के जिलाधिकारी और देवगढ़ तथा कटक ग्रामीण जिलों के पुलिस अधीक्षकों, पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व बर्द्धमान और बीरभूम जिलों के जिलाधिकारियों को भी स्थानांतरित किया गया है। इससे पहले आयोग ने छह राज्यों में गृह सचिवों का भी स्थानांतरण किया था, जो अपने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के कार्यालय में दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे थे। आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का तबादला ऐसे पद पर किया है, जो चुनाव से संबंधित नहीं है।

### 2022 में था गठबंधन, अब नहीं है: अखिलेश



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और अपना दल (कमेरावादी) का गठबंधन टूट गया है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन टूटने की घोषणा की। उन्होंने साफ कहा कि 2022 में पार्टी का अपना दल से गठबंधन था, लेकिन 2024 में हमारा कोई गठबंधन नहीं है। हमारे साथ असली लोकदल है ज्ञात रहे कि अपना दल की नेता पल्लवी पटेल ने बुधवार को फूलपुर, कौशांबी समेत तीन लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वो इंडिया गठबंधन के साथ हैं, ये उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के ही हैं। तभी से ये चर्चा तेज हो गई थी कि सपा और अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूट गया है।

### भले ही मोदी आएं मनाने, मैं चुनाव लड़ूंगा: ईश्वरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएं और उन्हें मनाने का प्रयास करें। शिमोगा में आयोजित सार्वजनिक सभा में एक महिला समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया। वह हावेरी-गडग लोकसभा सीट से अपने बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से पार्टी नेतृत्व से नाराज हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं करूंगा और मुझे विश्वास है कि मैं सफलतापूर्वक चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा। इससे पहले उन्होंने कहा था कि मैंने 40 साल तक पार्टी की ईमानदारी सेवा की है।

**बैंक खाते फ्रीज किए जाने पर बरसे खरगे,** सोनिया व राहुल- सरकार को घेरा

## पार्टी की चुनाव लड़ने की क्षमता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज करने का मुद्दा उठाया। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि हमारा खाता फ्रीज कर दिया गया है। यह सत्ताधारी दल का खतरनाक खेल है। भाजपा ने खुद हजारों करोड़ जुटा लिए और हमारे बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि हमारे लोग हवाई जहाज तो छोड़िए, रेलवे की यात्रा के लिए भी टिकट नहीं खरीद सकते।

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। हम कोई प्रचार नहीं कर सकते, हम अपने कार्यकर्ताओं का समर्थन नहीं कर सकते, हम अपने उम्मीदवारों का समर्थन नहीं कर सकते। यह चुनाव से दो महीने पहले किया गया। एक नोटिस 90 के दशक से आया, दूसरा 6-7 साल पहले; कुल राशि 14 लाख रुपए और सजा हमारी पूरी वित्तीय पहचान।




### कांग्रेस को निशाना बनाने की कार्रवाई

राहुल ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाए जाने की कार्रवाई है। ऐसा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कर रहे हैं। यह विचार कि भारत में लोकतंत्र है, एक झूठ है। 20 प्रतिशत लोग हमारे लिए वोट करते हैं और फिलहाल हम किसी भी चीज के लिए 2 रुपए का भुगतान नहीं कर सकते। यह चुनाव में हमें पंगु बनाने के लिए रचा गया है। हमारे बैंक खाते खोल दिए जाए तो भी भारतीय लोकतंत्र को काफी चोट पहुंचाई जा चुकी है।

### यह भी बोले कांग्रेस नेता

- हमारे लोग हवाई जहाज तो छोड़िए, रेलवे की यात्रा के लिए भी टिकट नहीं खरीद सकते।
- भारत में लोकतंत्र है, एक झूठ है।
- संसाधनों पर किसी एक दल का अधिकार न हो
- संवैधानिक और न्यायिक संस्थाओं पर

### सभी दलों के पास समान संसाधन हों: खरगे

पार्टी अध्यक्ष खरगे ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में कहा, लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है, जब सभी दलों के पास समान संसाधन हों। उन पर किसी एक दल का एकाधिकार न हो। सत्ताधारी पार्टी द्वारा संवैधानिक और न्यायिक संस्थाओं पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष नियंत्रण करने का प्रयास किया जा रहा है। चुनावी चंदा यानी बॉन्ड मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

### कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश: सोनिया गांधी

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि इस मुद्दे का असर सिर्फ कांग्रेस पर ही नहीं पड़ रहा है, बल्कि इसका असर हमारे लोकतंत्र पर भी मौलिक रूप से पड़ता है। प्रधानमंत्री कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं। पार्टी के खाते में जनता से इकट्ठा किया गया पैसा है। हमारे खातों से पैसे जबरदस्ती छीने जा रहे हैं।

### विपक्ष को नीचे गिराने का प्रयास

खरगे ने कहा कि भाजपा के चंदे के खेल ने देश की छवि को ठेस पहुंचाई है। स्वस्थ लोकतंत्र पर प्रश्न उठा है। सर्वोच्च अदालत ने जिस चंदा बॉन्ड को गैर कानूनी कहा, भाजपा सरकार ने उसी के जरिए अपना खजाना भर लिया। देश में विपक्ष को नीचे गिराने का प्रयास हो रहा है। इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव लड़ने में जानबूझकर बाधा खड़ी करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावी चंदा बॉन्ड से 56 प्रतिशत पैसे हासिल किए हैं। कांग्रेस को 11 प्रतिशत मिले हैं। चंदे के अलावा उनके पास नकदी भी आती होगी, जिसका कोई खाता ही नहीं है। हिंदुस्तान की 70 वर्ष की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसा कभी नहीं हुआ।

तमिलनाडु गवर्नर को सुप्रीम फटकार

## सुप्रीम कोर्ट ने 24 घंटे के भीतर फैसला करने का दिया निर्देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता के पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में फिर से शामिल करने से इनकार करने पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को फटकार लगाई है। राज्यपाल के आचरण पर गंभीर चिंता'व्यक्त करते हुए कोर्ट ने उन्हें 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि रवि सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सिफारिश के बावजूद, राज्यपाल ने पोनमुडी को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने से इनकार कर दिया। पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराए जाने और तीन साल की सजा पर शीर्ष अदालत ने हाल ही में रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने आश्चर्य जताया कि राज्यपाल यह कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी। पीठ ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि अगर हमारा आदेश नहीं माना गया, तो हम राज्यपाल को संविधान के अनुसार कार्य करने का निर्देश देते हुए एक आदेश पारित करेंगे।

### हम राज्यपाल के आचरण को लेकर गंभीर रूप से चिंतित

कोर्ट ने कहा, मिस्टर अटॉर्नी जनरल, हम राज्यपाल के आचरण को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम इसे अदालत में ज़ोर से नहीं कहना चाहते थे, लेकिन वह भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी। अब राज्यपाल को सूचित किया जाना चाहिए कि जब सर्वोच्च न्यायालय किसी दोषसिद्धि पर रोक लगाता है, तो वह अब दोषी नहीं है।

**भाजपा की तीसरी सूची जारी,** 9 प्रत्याशी घोषित

## पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई चेन्नई साउथ व एल मुरुगन नीलगिरी से प्रत्याशी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 9 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। इस सूची में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई, एल मुरुगन जैसे तमिलनाडु के दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। पार्टी ने तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को चेन्नई साउथ से, अन्नामलाई को कोयम्बटूर तथा एल. मुरुगन को नीलगिरी से चुनावी मैदान में तमिलिसाई सौंदरराजन ने दो दिन पहले ही राज्यपाल पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा चेन्नई सेंट्रल से विनोद पी सेल्वम, वेल्लोर से ए. सी शणमुगम,कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, पेरम्बलुर से टी. आर. परिवेन्धर, थूथुकुड़ी से नैनार नागेन्द्रन और कन्याकुमारी से पोन. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है। गौरतलब है कि भाजपा की पहली सूची में 195 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। जिसमें 34 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के नाम सूची में थे।





पहली सूची में 28 महिलाओं को भी मौका दिया गया था। दूसरी सूची में 72 नामों को शामिल किया गया था।

**मुंबई: एमवीए में सीटों का बंटवारा,** कांग्रेस को दो -शिवसेना यूबीटी को छह सीटें

## निरुपम की सीट उद्धव गुट के खाते में

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनावों को लेकर महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस, राकांपा के शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे की पार्टी के बीच सहमति बन गई है। यह तीनों पार्टियां महाविकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा हैं। इसके तहत मुंबई की 6 सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला भी सामने आ गया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस मुंबई की कुल 6 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समझौते के मुताबिक संजय निरुपम के दावे वाली सीट उद्धव ठाकरे गुट को दी गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाडी का सीट-शेयरिंग फॉर्मूला और इसके उम्मीदवारों की सूची एक-दो दिन में घोषित की जाएगी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने 12 उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया है। अपने सहयोगियों के साथ चर्चा कर रहे हैं और एक-दो दिन में सूची घोषित करेंगे। मुंबई में 6 लोकसभा सीटें हैं- मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई उत्तर मध्य, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण। कांग्रेस के हिस्से में मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई मध्य पूर्व की सीट आई है जबकि, शिवसेना मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पश्चिम से अपने प्रत्याशी खड़े करेगी।





### 19 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

वहीं, सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस महाराष्ट्र के कुल 48 सीटों में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ऐसे में बाकी 29 सीटें शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार) के बीच बंटेगी। ऐसे में शिवसेना को 21 से 22 सीटें तक मिल सकती हैं। अंतिम वक्त पर सीटों की संख्या सीटों की संख्या 23 भी हो सकती है। शरद पवार की पार्टी के 6 सीटों पर चुनाव लड़ने की उम्मीद की जा रही है।

**जातीय जनगणना पर कांग्रेस में कलह, आनंद शर्मा ने खरगे को लिखा पत्र**

## पार्टी के रुख पर उठाया सवाल, कहा- इंदिरा-राजीव की विरासत का अपमान

### राहुल के बार बार जातिगत जनगणना कराए जाने की बात से आनंद खुश नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जातीय जनगणना को लोकसभा चुनाव में विपक्ष का मुख्य चुनावी हथियार बनाने में जुटी कांग्रेस में इस मुद्दे पर अंदरूनी कलह शुरू हो गई है।

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्स व पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर कांग्रेस और इसके पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ बन रही गलत धारण को लेकर चेताया है। शर्मा ने दावा किया है कि कांग्रेस ने कभी भी जाति की राजनीति का समर्थन नहीं किया है।

उन्होंने इस मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के रुख को भी याद दिलाया है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राहुल गांधी के बार बार जातिगत जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं। आनंद शर्मा ने पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि यह पूर्व प्रधानमंत्री इदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अपमान करने जैसा है।



“ आनंद शर्मा ने कहा, ऐतिहासिक रुख से पीछे हटना देश भर के कई कांग्रेसी पुरुषों और महिलाओं के लिए चिंता का विषय है। इस पर विचार करने की आवश्यकता है। शर्मा ने कहा कि पार्टी के कुछ गठबंधन सदस्यों ने लंबे समय से जाति-आधारित राजनीति की है। मगर सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व और समझ पर आधारित है। उन्होंने कहा, हालांकि जाति भारतीय समाज की एक वास्तविकता है, लेकिन कांग्रेस कभी भी पहचान की राजनीति में शामिल नहीं हुई है और न ही इसका समर्थन किया है। यह क्षेत्र, धर्म, जाति और जातीयता की समृद्ध विविधता वाले समाज में लोकतंत्र के लिए हानिकारक है।

**आनंद शर्मा,** वरिष्ठ नेता कांग्रेस



“ राहुल गांधी ने रैलियों और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जाति जनगणना का मुद्दा कई बार उठाया है। राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना देश का एक्स रे है और इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस

### कांग्रेस के समावेशी दृष्टिकोण की दिलाई याद

इस चिट्ठी में आनंद शर्मा ने कांग्रेस के समावेशी दृष्टिकोण की याद दिलाते हुए लिखा है कि पार्टी का वर्तमान रुख पिछली कांग्रेस सरकारों के विचारों के साथ मेल नहीं खाता। उन्होंने 1980 में इंदिरा गांधी के नारे 'ना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर' को याद दिलाया। उन्होंने चिट्ठी में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस बयान की भी याद दिलाई जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में जातिवाद को मुद्दा बनाया गया तो हमें समस्या होगी। कांग्रेस इस देश को विभाजित होते हुए नहीं देख सकती।'

## जरूरी खबर

### केंद्र की फैक्ट चेक यूनिट पर SC की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आईटी संशोधन नियम 2023 के तहत केंद्र सरकार द्वारा फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) की 20 मार्च की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। बता दें कि ये पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इसके तहत ये यूनिट सरकार के खिलाफ कोई भी गलत जानकारी का फैक्ट चेक करती और गलत पाए जाने पर उसे फिर पब्लिश करने पर रोक लगा देती। सुप्रीम कोर्ट ने अधिसूचना पर तब तक रोक लगा दी जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी नियम संशोधन 2023 की चुनौतियों का फैसला नहीं कर लेता। संशोधित आईटी नियमों के तहत अपने व्यवसाय से संबंधित सोशल मीडिया पर सामग्री की निगरानी के लिए की गई थी।

### भोजशाला का सर्वे आज से, मुस्लिम पक्ष पहुंचा SC

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश के बाद धार की ऐतिहासिक भोजशाला का एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) शुक्रवार से शुरू होना तय है। इससे पहले ही मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुस्लिम पक्ष ने ये मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष लाने की गुजारिश की है।

### 38 में से 12 जिले सबसे अधिक नक्सली प्रभावित




**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित 10 राज्यों के प्रभावित जिलों का नया वर्गीकरण जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि 10 राज्यों में कुल 38 जिलों को 1 अप्रैल, 2024 से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के तौर पर वर्गीकृत किया गया है, इनमें से छत्तीसगढ़ के सात, ओडिशा के दो और झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के एक-एक जिले को सबसे अधिक प्रभावित जिले के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों का वर्गीकरण 2015 में अनुमोदित राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना के तहत संसाधनों की तैनाती के लिए आधार प्रदान करता है।

## परमाणु ऊर्जा के प्रति किया जाएगा जागरूक



*नई दिल्ली। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए लोगों में जागृति पैदा करने के लिए एनसीसी और एनपीसीआईएल ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।*

### महुआ के खिलाफ CBI ने दर्ज की एफआईआर



नई दिल्ली। पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में सीबीआई ने गुरुवार को टीएमसी नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। सीबीआई ने ये कार्रवाई भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के निर्देशों पर की। मोइत्रा के खिलाफ भाजपा के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से लगाए गए आरोपों पर प्रारंभिक जांच के बाद लोकपाल ने सीबीआई को इसके निर्देश जारी किए हैं। लोकपाल ने सीबीआई को मामले में शिकायतों के सभी पहलुओं की जांच करने के बाद छह महीने में अपने निष्कर्ष देने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश अभिलाषा कुमारी, सदस्य अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह की लोकपाल पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एक सांसद के रूप में मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप ठोस सबूत पर आधारित है।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर केंद्र को मिली राहत

# सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार कहा-चुनाव पर हो सकता है असर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मुद्दे पर केंद्र सरकार को राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में हुई दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और उनकी नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इस चरण में आकर नियुक्ति पर रोक लगाने से ना सिर्फ लोकसभा चुनावों पर असर होगा बल्कि इससे अराजकता भी पैदा होगी। अदालत ने कहा कि वह इसको लेकर बाद में विस्तृत आदेश पारित करेगा। हालांकि, कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं और पूछा है कि



आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों की गई? कोर्ट ने कहा कि चयन समिति ने तेजी के साथ दो चुनाव आयुक्तों का चयन कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह चुने गए चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं उठा रहा है, बल्कि उस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है जिसके तहत चयन किया गया। इसको लेकर शीर्ष अदालत ने केंद्र से 6 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

#### अंतरिम आदेश पर नहीं लगाएंगे रोक

कोर्ट ने कहा कि संसद से पास हुए कानून के तहत चुनाव आयुक्तों का चयन हुआ है। हम अंतरिम आदेश से कानून पर रोक नहीं लगाएंगे। चुनाव के बीच में आयोग के काम को प्रभावित करना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया अपनाने में थोड़ा और वक्त दिया जाना चाहिए था ताकि और अच्छे तरीके से प्रक्रिया पूरी की जाती।

#### बैठक की तारीख बदलने पर सवाल

अदालत ने इस बात पर सवाल उठाया कि चयन कमिटी की मीटिंग को 15 मार्च से बदल कर 14 मार्च कर दिया गया। साथ ही, विपक्ष के नेता को बैठक से कुछ ही देर पहले नाम दिए गए। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर अपना मन लगाने के लिए चयन समिति को अधिक समय दिया जाना चाहिए था। चयन समिति को अधिकारियों की पृष्ठभूमि समझने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए।

## विज्ञापन मामला

# पतंजलि आयुर्वेद व आचार्य बालकृष्ण ने SC से माफी मांगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में अब कंपनी ने कोर्ट से अपनी गलती की माफी मांगी है। पतंजलि आयुर्वेद और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। इस माफीनामे में विज्ञापन को फिर से प्रसारित न करने का भी वादा किया गया है। आचार्य बालकृष्ण का कहना है कि कंपनी के मीडिया विभाग को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी नहीं थी। उनका कहना है कि इसका उद्देश्य नागरिकों को पतंजलि के प्रोडक्ट का उपभोग करके स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई और




नोटिस जारी कर पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए। अब पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण ने हलफनामा देकर माफी मांग ली है। कोर्ट ने 19 मार्च को हुई सुनवाई में नोटिस जारी कर ये भी पूछा था कि उनके खिलाफ क्यों न अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इससे पहले 27 फरवरी को इस मामले की सुनवाई हुई थी।

## बंगाल की खाड़ी में नो फ्लाई जोन घोषित

# भारत करेगा K-4 मिसाइल का टेस्ट!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली परमाणु मिसाइल के-4 का जल्द परीक्षण कर सकता है। इसकी रेंज 4000 किलोमीटर से अधिक है। इसे बीजिंग किलर मिसाइल भी कहा जाता है। भारत ने बंगाल की खाड़ी में 1680 किलोमीटर क्षेत्र के लिए चेतावनी जारी की है। इस क्षेत्र को 3 और 4 अप्रैल के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया किया गया है। इससे भारत के मिसाइल परीक्षण किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। के-4 मिसाइल पारंपरिक वॉरहेड के साथ परमाणु हमला करने में भी



सक्षम है। भारत की ओर चेतावनी जारी किए जाने के साथ ही चीन का एक जासूसी जहाज युआन वांग 03 को हिंद महासागर की ओर आते हुए देखा गया है। यह जहाज जल्द ही मलक्का जलडमरूमध्य को पार कर बंगाल की खाड़ी में प्रवेश करेगा। युआन वांग 03 चीन का उपग्रह और मिसाइल ट्रैकिंग पोत है। इसमें दुश्मन की मिसाइलों को ट्रैक करने के लिए कई शक्तिशाली एंटीना लगे हुए हैं। ये एंटीना मिसाइल की रेंज, उसका लक्ष्य, मिसाइल की प्रकृति जैसी कई जानकारियां चुरा सकते हैं। इसके अलावा यह जहाज अंतरिक्ष में मौजूद उपग्रहों पर भी निगरानी रख सकता है।

### बदायूं हत्याकांड का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में मंगलवार की शाम को दो बच्चों की हत्या की सनसनीखेज वारदात के दूसरे आरोपी जावेद को पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे बदायूं ले गई है। जावेद पर 25 हजार रुपए का इनाम था। बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जावेद वहां की बारादरी पुलिस चौकी में खुद को सरेंडर करने पहुंचा था। इसके बाद वीडियो भी जारी किया।वीडियो में एक युवक ऑटो में बैठा दिखाई दे रहा है।

## उप राष्ट्रपति से मुलाकात



*नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक वार्ता कार्यक्रम के गुरुवार को नई दिल्ली में उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर कई प्रतिभागियों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।*

## देश की आबादी में 2050 तक आ सकती है कमी

# कम बच्चे पैदा कर रहे भारतीय, घट रही प्रजनन दर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस समय भले ही भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसकी आबादी बढ़ने की दर लगातार घट रही है। मशहूर पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1950 में भारत में प्रजनन दर यानी प्रति महिला जन्म दर 6.2 थी, जो 2021 में घटकर दो से भी कम रह गई। प्रजनन दर घटने का सिलसिला आने वाले दिनों में बना रहेगा। 2050 में भारत में कुल प्रजनन दर या प्रति महिला जन्म दर घटकर 1.3 हो जाएगी और 2100 में 1.4 रह जाएगी। गौरतलब है कि जनसंख्या स्थिर




रखने के लिए महिलाओं द्वारा बच्चों के जन्मदर का औसत 2.1 होना चाहिए। लेकिन, वर्तमान स्थिति में ये दर उससे कम है। प्रजनन दर का यह अनुपात वैश्विक रुझानों के अनुरूप है। ये दर आवश्यक जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए जरूरी दर से कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये रिपोर्ट सही है तो फिर आने वाले समय में भारत को बूढ़ी होती आबादी और श्रमिकों की कमी की चुनौतियों से जूझना होगा। रिपोर्ट के अनुसार 1950 में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) प्रति महिला 4.8 बच्चों से अधिक थी। 2021 में यह गिरकर 2.2 बच्चे प्रति महिला हो गई। अनुमान है कि 2050 तक वैश्विक प्रजनन दर घटकर 1.8 और 2100 तक 1.6 हो जाएगी।

#### सामाजिक असंतुलन संभव

पापुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा कि लैंगिक प्राथमिकताओं के कारण सामाजिक असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। हालांकि ये चुनौतियां कुछ दशक दूर हैं। लेकिन, हमें भविष्य के लिए अभी से कार्रवाई शुरू करने की जरूरत है। मुत्तरेजा का कहना है कि जैसे-जैसे देश आर्थिक रूप से विकसित होते हैं, बच्चों को पालने का खर्च बढ़ता जाता है, जिसके चलते परिवार कम बच्चे पैदा करने का फैसला करते हैं।

#### इस कारण घट रही है आबादी

मुत्तरेजा कहती हैं कि महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण बढ़ने से उनमें कॅरिअर की ज्यादा इच्छा पैदा होती है और शादी और बच्चे पैदा करने का फैसला टल जाता है, जिससे टीएफआर और कम हो जाता है। इसके अलावा, शहरीकरण, परिवार नियोजन और गर्भनिरोध के बेहतर साधनों तक आसान पहुंच, और छोटे परिवार के आदर्श को बढ़ावा देने वाले सामाजिक परिवर्तन भी टीएफआर कम होने के कारण हैं।

# J&K: शब्बीर की बेटी ने किया अलगाववाद को टाटा

**एजेंसी** | श्रीनगर

जेल में बंद अलगाववादी शब्बीर अहमद शाह की बेटी समा शब्बीर और पाकिस्तान समर्थक दिवंगत सैयद अली शाह गिलानी की नातिन रुवा शाह ने खुद को अलगाववादी विचारधारा से अलग कर लिया है और भारत की संप्रभुता के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा की है। स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित एक जैसे सार्वजनिक नोटिस में, उन्होंने खुद को अलगाववादी राजनीति से दूर कर लिया।

गिलानी के दामाद अलताफ अहमद शाह ऊर्फ अलताफ फंटूश की बेटी रुवा शाह ने उनके दिवंगत नाना द्वारा स्थापित हुर्रियत कॉन्फ्रेंस गुट से खुद को अलग करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया।

#### समा ने कहा- एक वफादार भारतीय नागरिक

एक अलग सार्वजनिक नोटिस में कश्मीर की पूर्व सीबीएसआई टॉपर 23 वर्षीय समा शबीर ने गुरुवार को एक वफादार भारतीय नागरिक के रूप में अपनी स्थिति पर जोर दिया और स्पष्ट रूप से अपने पिता द्वारा स्थापित प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन से खुद को दूर कर लिया। शब्बीर शाह वर्तमान में धन शोधन व आतंकी वित्तपोषण के आरोप में दिल्ली की तिहाड़ जेल में है।

### हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने व्यवस्था पर छोड़े व्यंग्य बाण

# हां रे होली आई रे... शकल देख सासु की डर गयो नयो जंवाई रे

**बेधड़क | जयपुर**

'हां रे होली आई रे, शकल देख सासु की डर गयो... प्रेम संदेशा हाथ ले, आंगन खड़ा बसंत... राजनीति की राजकुमारी, सत्ता पा गई दीया कुमारी...' जैसी काव्य पखुड़ियों, हंसी की ठिठोली व हास्य रंग से जयपुर की शाम सरोबार हुई। नजारा जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फैडरेशन नॉदर्न रीजन व जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल संयोजित 18वें हास्य कवि सम्मेलन का, जिसमें देश के कई रचनाकारों ने हास्य-व्यंग्य की फुहार बिखेरी।

सम्मेलन में कवियों ने समाज की वर्तमान दशा, आसपास की घटनाओं, राजनीतिक घटनाओं आदि पर व्यंक्य बाण छोड़कर व्यवस्था पर तीखे प्रहार किए। मुख्य समन्यवक सुभाष चन्द जैन व अध्यक्ष अनिल रांवका ने बताया कि मुख्य अतिथि पार्षद पारस जैन-पूजा जैन, विशिष्ठ अतिथि सुशील-इन्द्रा जैन कोटखावदा, शांति-बीना पाटनी व संजय-बबिता जैन थे।

मुख्य समन्वयक सुभाष चन्द जैन, जेएसजीआईएफ चेयरमैन महेन्द्र सिंघवी, सचिव सिद्धार्थ जैन, जेएसजी केपिटल अध्यक्ष अनिल रांवका, सचिव प्रमोद जैन, समन्वयक सुधीर गंगवाल, नरेश रांवका, नवीन जैन, अमर जैन व अन्यजनों ने अतिथियों व कवियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत-सत्कार किया।







### होली पर पंक्तियों से गुदगुदाया

कवि सम्मेलन में केकड़ी से आए हास्य सम्राट बुद्धि प्रकाश दाधीच ने हां रे होली आई रे, शकल देख सासु की डर गयो, नयो जंवाई रे... जैसी पंक्तियां सुनाकर ठहाके लगवाए। वहीं टुंडला से आए कवि लठूरी लठ् ने प्रेम संदेशा हाथ ले, आंगन खड़ा बसंत, शकुंतला है बाग में, ठेके पर दुष्यंत... जैसे पंक्तियां खास रहीं। सम्मेलन को परवान शक्करगढ़ से भीलवाड़ा से आए कवि राजकुमार बादल ने चढ़ाया और जिम्मेदार औलादों ने घर को सम्भाल लिया, मजा आ रहा है बाल काले करवानें पर जयपुराइट्स हंसी नहीं रोक नहीं पाए। प्रतापगढ़ से आए कवि पार्थ नवीन ने राजनीति की राजकुमारी... जैसी काव्य रचनाओं के माध्यम से व्यंग्य के बाण छोड़ते नजर आए। इस अवसर पर दिल्ली से आई श्रृंगार रस की कवयित्री पदमनी शर्मा ने भारत की संस्कृति परम पुनीता बचा लो, करमों की अदालत में अपनी गीता बचा लो, मंदिर तो धूमधाम से बना लिया अब तो, कलयुग के रावणो से अपनी सीता बचा लो की रचना सुनाकर लोगों को बांधे रखा।

### आकर्षक प्राइज से हुई रोमांचित

कार्यक्रम के अंत तक रुकने वाले लोगों को जब लक्की ड्रॉ से आकर्षक पुरस्कार मिले तो वे रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर विधायक कालीचरण सराफ, विधायक बालमुकुंदाचार्य, उमराव मल संघी, प्रदीप जैन निखार फैशन, ज्ञान चंद झांझरी, दर्शन जैन, मनीष बैद, विनोद जैन कोटखावदा सहित अन्य मौजूद रहे।

## धमाल में जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो मेंबर्स ने खेली फूलों से होली



**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में होली धमाल मस्ती फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर फूलों की होली खेली व रंगारंग कार्यक्रम हुए। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया व सचिव आशीष जैन ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के नेतृत्व में गुलाबगढ़ रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का आगाज णमोकार महामंत्र के तीन बार सामूहिक उच्चारण से किया। अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी अमित- ऋतु गोधा, नितिन बनेठा, सचिन-कल्पना जैन कामां शामिल हुए। अतिथियों का सम्मान मुख्य संयोजक सुशील-शालू बाकलीवाल, संयोजक दीपक-दीपा गोधा, अम्बिका-सावन सेठी, रेखा-भागचन्द पाटनी, नवनीत-ममता गोधा व पवन-निशु जैन ने किया। इस मौके पर होलिया में उड़े रे गुलाल...., रंग बरसे भीगे चुनर वाली...., रंग मत डालो रे...., होली खेले रघुवीरा ... जैसे गीतों पर ग्रुप दम्पति सदस्यों ने नृत्य प्रस्तुत किए। महिलाओं ने गुलाबी साड़ी तथा पुरुषों ने सफेद कुर्ता-पाजामा पहने हुए फूलों की होली खेली। विजेताओं को ग्रुप की ओर से पुरस्कृत किया गया। संचालन विनोद जैन कोटखावदा, चेतन जैन निमोडिया व रेखा पाटनी ने किया।

## जयपुर में 31 को होंगे मिस राजस्थान के ऑडिशन



**बेधड़क. जयपुर।** फ्यूजन ग्रुप द्वारा रूबी डिजिटल के सहयोग से आयोजित राजस्थान के ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान-2024 के रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन शुरू होने के साथ ही जयपुर में ग्रैंड ऑडिशन का आयोजन 31 मार्च को होटल प्राइम सफारी में आयोजित करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस दौरान राजस्थान के कोने-कोने से गर्ल्स अपना भाग्य आजमाने के लिए मिस राजस्थान के ऑडिशन में दावेदारी प्रस्तुत करेंगी। आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान गर्ल्स को नेशनल व इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट में भेजने के लिए तैयार करेंगे। 31 मार्च को होटल प्राइम सफारी में ऑडिशन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही MissRajasthan.org पर रजिस्टर्ड कर ऑडिशन देने आ सकते हैं।

# City इवेंट्स

## 12 शख्सियतों को स्टाइल ऑन अवॉर्ड्स



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर ग्रीन डेवलपर्स के सहयोग से पिंक कॉन्सेप्टस की ओर से वन नाइट फैशन सीक्वेंसेज एंड अवॉर्ड फेलिसिटेशन सेरेमनी में 12 विशिष्ट हस्तियों को स्टाइल ऑन अवॉर्ड्स दिए गए। कार्यक्रम में राजस्थान की 25 प्रतिभाओं ने फैशन किंग लेबल के डिजाइनर भरत जैसवानी का वेस्टर्न पार्टी वियर कलेक्शन, अजरा वर्ल्ड का असेसरीज कलेक्शन और सेलिब्रिटी मेकअप एक्सपर्ट अदा-पायल सोनी के डायरेक्शन में स्टाइलिंग के लेटेस्ट ट्रेंड्स को शोकेस किए। कार्यक्रम में डीजीपी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा, डिक्की राजस्थान चैप्टर चेयरपर्सन अंकित बबेरवाल सहित अन्य ने आईटी एंटरप्रेन्योर आर्यन सिंह, समाजसेवी कमल कुमार जैन, डॉ. देवेंद्र कुमार, इंटरनेशनल एंकर डॉ. खुशबू कपूर, एक्जीक्यूटिव शेफ अरुण चौहान सहित फैशन और लाइफस्टाइल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाली हस्तियों को स्टाइल ऑन अवॉर्ड से नवाजा। मॉडल्स की वेस्टर्न अटायर्स में 2 फैशन सिक्वेंस हुई।

## जुगल महोत्सव में दी प्रस्तुति



**बेधड़क, जयपुर।** जुगल महोत्सव में 20 कलाकारों ने प्रस्तुति से भगवान जुगल किशोर को रिझाया। अंजू भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम में गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत पंडित आलोक भट्ट ने की। मास्टर अबीर तिवारी और शशि मोठिया ने तबला व पखावज की जुगलबंदी की। संयोजक अंकित भट्ट ने बताया कि डॉ. विजेंद्र गौतम, मुन्ना लाल भाट, पं. जगदीश शर्मा, गौरव भट्ट सहित कलाकारों ने छाप छोड़ी। सितार पर पंडित हरिहर शरण, गिरिराज बालोदिया, तबले पर महेंद्र डांगी, नवल डांगी, वायलिन पर इंग्लैंड से पधारे सुरेश गोस्वामी ने वादन किया।

## जैन बैंकर्स फोरम ने की गोद भराई



**बेधड़क, जयपुर।** आचार्य सुनील सागर संघ के सानिध्य में आयोजित पंच कल्याणक में जैन बैंकर्स परिवार संतोष जैन व अशोक पाटनी पूर्व सहायक महा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक को तीर्थंकर के माता-पिता के रूप में क्रियाएं संपन्न कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा ओमप्रकाश काला, मंत्री दिगंबर जैन मुनि संघ ने पंचकल्याणक के सौधर्म इंद्र इंद्राणी प्रवीण व प्रिया बड़जात्या व तीर्थंकर माता-पिता अशोक व संतोष पाटनी का तिलक लगाकर स्वागत किया। गोला मिश्री आदि अष्ट मेवों सहित तीर्थंकर की माता संतोष पाटनी की जैन बैंकर्स ने मिलकर गोद भराई का धार्मिक संस्कार पूर्ण किया। कार्यक्रम में धनपति कुबेर धनश्री नमन-रिचा जैन, ईशान इंद्र विक्रांत-रेशु जैन सिंघई व माहेंद्र विकास-मेनका बड़जात्या का सत्कार कर बधाई दी।

### गंगाराम साहिब वरसी मेले में लगा चिकित्सा शिविर

## गुरु की शरण में जाने से ही कल्याण होता है जीव का



**बेधड़क | जयपुर**

सिंधी समाज के संत श्री गंगाराम साहिब के वरसी मेले में सामाजिक सरोकार के तहत स्थानीय गीता भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अमित माथुर, डॉ. अंजू माथुर सहित अन्य डॉक्टर्स ने निःशुल्क सेवाएं दीं। शिविर में लगभग 95 मरीजों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। मेला प्रमुख मोहन गंगवानी ने बताया कि गुरु ग्रंथ पाठ साहिब के समक्ष अरदास की गई। बच्चों ने सिंधी भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा। दादी राधा निमाणी ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। माता लीलावंती दरबार के बसंत माधवानी ने सत्संग में कहा कि गुरु की शरण में जाने से ही जीव का कल्याण होता है। इन अनमोल श्वांसों को व्यर्थ खर्च नहीं करके भगवान की भक्ति में अपना समय लगाना चाहिए। मनुष्य को अपना कर्म करते रहना चाहिए। मन लगे, न लगे मीठो राम जप जाएं..., पहिंजी महर कजईं, पहिंजी बाझ कजईं..., गुरु तेरे दर्शन को हम दौड़े चले आएंगे... गाकर वातावरण को भक्ति मय बना दिया। मोहन गुरनानी सहित नंदलाल गंगवानी, सुंदर टोरानी, धर्मेंद्र गंगवानी, सुखदेव रामचंदानी, कन्हैया लाल गंगवानी, जवाहर लाल बालानी, तुलसी संगतानी और अन्य भक्त जनों ने समाधि साहिब के दर्शन किए। शुक्रवार सुबह 5 बजे अमृत वेला में प्रभात भक्ति होगी।

### सिटी पार्क में जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ

## तीखे दांत से होने वाले घाव हो सकते हैं मुंह में कैंसर का कारण



**बेधड़क | जयपुर**

स्वास्थ्य के प्रति आईडीए द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ आईडीए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज और आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जेएस वालिया द्वारा मानसरोवर स्थित सिटीपार्क में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईडीए जयपुर ग्रेटर के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भारद्वाज व सचिव डॉ. सुनील राघव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. हरीश भारद्वाज ने स्वस्थ शरीर के लिए दांतों की आवश्यकता व उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. वालिया ने बताया कि सदस्यों द्वारा दांतों की साफ-सफाई के बारे में मॉडल्स द्वारा समझाया। आईडीए जयपुर की डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. गौरव पाल सिंह, डॉ.असित त्रिवेदी मुख एवं दांतों की जांच की आवश्यकता को समझाया। जागरूकता पखवाड़े के तहत जवाहर सर्किल, मालवीय नगर, सांगानेर, जगतपुरा व आस पास की अन्य कॉलोनियों के नागरिकों को दांतों की साफ सफाई के बारे में जागरूक कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आईडीए जयपुर ग्रेटर की डॉ. रमा पांडे ने बताया कि स्वस्थ दांत के लिये रेशेदार फल, सब्ज़ी आदि का सेवन बढ़ाएं। डॉ. विष्णु गुप्ता, डॉ. विभोर गुप्ता, डॉ. निखिल प्रसाद, डॉ. राजीव सिंघल, डॉ. रामा पांडेय, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. सुनील राघव, डॉ. बी एल गुप्ता आदि ने योगदान दिया।

**रंगमंच** | रवींद्र मंच पर नाटक देख दर्शक हुए लोटपोट

# 'बीवियों का मदरसा' में अच्छी बीवी बनने की ट्रेनिंग

**बेधड़क | जयपुर**

संस्कृत मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रंगशाला संस्था की और से रवींद्र मंच पर सूफियान सूफी द्वारा निर्देशित नाटक बीवियों का मदरसा का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने जीवंत अभिनय करते हुए कई मैसेज भी दिए। कहानी में 50 साल के अमीर हनीफ मुहम्मद को पक्का यकीन है, कि पूरी औरत जात बेईमान है और अपने शौहरों से बेवफाई करती हैं। इस वजह से उसने आज तक निकाह नहीं किया और तय किया कि अपनी बीवी को अपने हिसाब से तैयार करेगा।



### आज मंचित होगा 'लाडो री सीख'

शुक्रवार को रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती के अवसर पर कला, साहित्य संस्कृति व पुरातत्व विभाग राजस्थान तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक 'लाडो री सीख' का मंचन किया जाएगा। नाटक में कलाकार महेश महावर, मीना गिड़वानी, विनोद कुमार, ऋतु सैनी, दुर्गा प्रसाद मंडावारा, डी पी सैनी, अर्जुन सिंह राठौर आदि अभिनय करेंगे।



### खुफिया जगह छिपाया, लेकिन लड़ ही गई नजर

नाटक में हनीफ एक बच्ची (हुस्नआरा) को अपने एक खुफिया घर में दो नौकरों की देखरेख में पूरी दुनिया से छुपा कर रखता है। वहां अपना नाम 'कतलू बेग' रख लेता है। वहां उसे अच्छी बीवी बनने की शिक्षा और प्रशिक्षण देता है, ताकि बड़ी होने पर वह उससे निकाह कर सके, लेकिन हुस्नआरा ने एक नौजवान (गुलफाम) को देख लिया और दोनों इश्क कर बैठे। गुलफाम, हनीफ मुहम्मद के अमीर दोस्त शौकत का बेटा था। इसके बाद बनी परिस्थियां खूब हास्य पैदा करती है।

प्रसन्न रहना बहुत सरल है, लेकिन सरल होना बहुत कठिन है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप


## सऊदी सरकार ने बनाया नया नियम, भीड़ से निटपने का कदम

# रमजान के महीने में बार-बार नहीं कर सकेंगे उमरा

**एजेंसी** | रियाद

रमजान के महीने में दुनियाभर से मुसलमान उमरा करने के लिए सऊदी अरब पहुंचते हैं। रमजान की इस्लाम में महत्ता के चलते इस महीने में उमरा करने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है। हज के उलट तीर्थयात्री अपने सऊदी प्रवास में जितनी बार चाहें उमरा कर सकते हैं। ऐसे में लोग बार-बार काबा पहुंचते हैं, इससे भीड़ काफी ज्यादा बढ़ जाती है। बढ़ती भीड़ के बीच व्यवस्था को बनाना सऊदी सरकार के अफसरों के लिए मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सऊदी सरकार ने नया नियम लागू करते हुए कहा है कि अब एक इंसान रमजान के महीने में एक बार ही उमरा कर सकता है।

गल्फ न्यूज के अनुसार सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने मुसलमानों को रमजान के महीने के दौरान उमरा दोहराने से प्रतिबंधित कर दिया है, इसका मतलब है कि मक्का में मौजूद श्रद्धालु इस महीने में केवल एक बार उमरा कर सकेंगे। रमजान में आमतौर पर मक्का की ग्रैंड मस्जिद में बड़ी तादाद में लोग पहुंचते हैं, जो इस्लाम के सबसे पवित्र स्थलों में से एक है। हज और उमरा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि भीड़भाड़ को कम करने के लिए रमजान के दौरान उमरा करने की पुनरावृत्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस उपाय से अधिक लोगों को उमरा करने का मौका भी मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि रमजान में दो बार ये इससे ज्यादा उमरा करने के लिए कोई परमिट जारी नहीं किया गया है। इसके अलावा सऊदी अरब में अधिकारियों ने रमजान के दौरान लोगों की आमद को ध्यान में रखते हुए कई उपाय किए हैं। इन उपायों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तीर्थयात्रियों के प्रवेश और निकास के लिए अलग दरवाजे और दूसरे इंतजाम किए गए हैं।



### क्या होता है उमरा?

बता दें कि उमरा को आम बोलचाल में छोटा हज भी कहते हैं। मक्का की जियारत को उमरा कहा जाता है। उमरा के लिए मक्का पहुंचे लोग काबा के चारों तरफ तवाफ (परिक्रमा) करते हैं। हज और उमरा दोनों के लिए ही मुसलमान सऊदी अरब के पुराने शहर मक्का जाते हैं, लेकिन दोनों तीर्थ यात्राओं में एक मूल फर्क है। हज का एक निश्चित समय है और उमरा पूरे साल कभी भी किया जा सकता है।

### दुनियाभर से पहुंच रहे लोग

रमजान का महीना मुस्लिमों के लिए धार्मिक तौर पर श्रेष्ठ महीना माना जाता है। इस्लाम धर्म के मानने वालों के लिए रमजान में रोजा रखना फर्ज है और ऐसा विश्वास है कि इस महीने में इबादत का ज्यादा सवाब मिलता है। रमजान के महीने के बाद ईद-उल-फित्र मनाई जाती है। सऊदी अरब में रमजान का महीना 11 मार्च से शुरू हुआ है। इस महीने में हज के लिए सऊदी आने वाले लोगों की काफी बढ़ गई है।

## पहले भारतवंशी आयरिश पीएम हैं लियो

# आयरलैंड के 'ताओसीच' लियो ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी** | लंदन

आयरलैंड के भारतवंशी प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने बुधवार को अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लियो वराडकर के इस्तीफे की घोषणा से पूरा देश स्तब्ध हो गया और यह सवाल खड़े होने लगे कि आखिर लियो वराडकर ने किस वजह से इस्तीफा दिया।

45 वर्षीय लियो वराडकर ने इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि अभी पद छोड़ने के मेरे कारण व्यक्तिगत और राजनीतिक हैं, लेकिन मुख्य तौर पर राजनीतिक कार्यालय में सात साल के बाद मुझे नहीं लगता कि अब मैं प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं। लियो वराडकर ने कहा कि उनका मानना है कि अगले साल होने वाले आम चुनाव में उनकी पार्टी फाइन गेल के लिए सीटें हासिल करने के लिए एक नया नेता मुझसे बेहतर स्थिति में होगा। बता दें कि आयरलैंड के प्रधानमंत्री को 'ताओसीच' के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय यूरोपीय चुनाव लड़ने वाले वफादार सहकर्मी मेरे अच्छे दोस्त हैं, और मैं उन्हें यथासंभव सर्वोत्तम मौका देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर मैंने ताओसीच होने का आनंद लिया है। हालांकि, राजनेता मनुष्य हैं और हमारी अपनी सीमाएं हैं। हम इसे तब तक सब कुछ देते हैं जब तक हम और नहीं दे सकते और फिर हमें आगे बढ़ना होगा।



### कौन हैं लियो वराडकर?

लियो वराडकर का जन्म मुंबई में जन्मे पिता और आयरिश मां के घर पर हुआ था। उन्होंने 2017 से फाइन गेल पार्टी का नेतृत्व किया है। इसके साथ ही उन्हें देश के सबसे युवा और पहले समलैंगिक प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला। 2017 से लेकर अब तक लियो वराडकर ने दो बार 'ताओसीच' का पद संभाला। उन्होंने 2017 से 2020 के बीच पहली बार और दिसंबर 2022 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री का पद संभाला।

## रूस ने फिर किया हमला, दर्जनों लोग घायल

# युद्धविराम के बाद फिर दहला यूक्रेन



**एजेंसी** | कीव

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने अटैक कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया।

रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित दर्जनों लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 30 क्रूज़ और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया।

## कंधार में बम विस्फोट तीन मरे

**कंधार (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है। यह ब्लास्ट किसने किया है इसकी जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमज़ान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट सुबह लगभग 8 बजे मध्य कंधार शहर में न्यू काबुल बैंक शाखा के बाहर इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह को निशाना बनाकर किया गया।

## वैज्ञानिकों ने खोजा 1.6 करोड़ साल पुराना जीवाश्म

# पेरू में मिली गंगा के डॉल्फिन की 'रिश्तेदार'

**एजेंसी** | लीमा

वैज्ञानिकों ने पेरू में एक विशाल डॉल्फिन की खोपड़ी का जीवाश्म खोजा है। माना जाता है कि यह प्रजाति 1.6 करोड़ साल पुरानी है। पेरू की अमेजोनियन नदियों में इसने शरण ली थी। इस विलुप्त प्रजाति की लंबाई 3.5 मीटर तक होती, जिससे यह अब तक पाई गई सबसे बड़ी नदी डॉल्फिन बन जाती है।

साइंस एडवांसेज में इससे जुड़ा एक शोध प्रकाशित हुआ है। शोध के मुख्य लेखक के मुताबिक इस नई प्रजाति का नाम पेबनिस्टा याकुरुना है। यह दुनिया भर में नदी डॉल्फिन के लिए बढ़ते खतरों को दिखाती है। इस शोध में कहा गया है कि डॉल्फिन के अगले 20 से 40 वर्षों में इसी तरह विलुप्त होने का खतरा है। लीड लेखक एल्डो बेनिट्स-पालोमिनो ने कहा कि यह डॉल्फिन के प्लैटैनिस्टोइडिया परिवार से संबंधित है। यह 2.4 करोड़ से 1.6 करोड़ साल पहले महासागरों में पाई जाती थीं। उन्होंने कहा, 'माना जाता है कि ऐसी मछलियों ने नए भोजन की तलाश में महासागर छोड़ दिया था। नदिया एक सुरक्षित पनाह देती हैं।' इस डॉल्फिन का जीवाश्म 2018 में खोजा गया है।

### गंगा की डॉल्फिन से है संबंध

शोधकर्ताओं के मुताबिक हमें एक ऐसा जानवर मिला जिसका सबसे करीबी रिश्तेदार 16900 किमी दूर दक्षिण-पूर्वी एशिया में है। बेनिट्स-पालोमिनो ने कहा यह जीवाश्म अपने आकार और नदी डॉल्फिन दोनों के लिए उल्लेखनीय है। क्योंकि इसका उस नदी डॉल्फिन से कोई संबंध नहीं है जो आज स्थानीय इलाके में रहती हैं।



इसकी सबसे करीबी रिश्तेदार गंगा और सिंधु नदियों में तैरती हैं। हालांकि आज के समय यह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं।

### घूमते हुए मिला डॉल्फिन का जीवाश्म

एल्डो बेनिट्स-पालोमिनो का कहना है कि वह ज्यूरिख यूनिवर्सिटी में जीवाश्म विभाग में डॉक्टरेट की उपाधि पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महामारी के कारण शोध पत्र में देरी हुई। अपने एक सहकर्मी के साथ चलते हुए उन्हें जीवाश्म के जबड़े का हिस्सा देखा। उन्होंने कहा, 'मैंने दांतों को जैसे ही देखा तो मैं चिल्लाया, यह एक डॉल्फिन है। हमें इस पर विश्वास नहीं हुआ।' उन्होंने कहा, 'हमें बाद में पता चला कि अमेजन नदी की गुलाबी डॉल्फिन से इसका कोई संबंध नहीं।'




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

**“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए**

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl